

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 118 | ग्वालियर रविवार, 12 फरवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

# यूपी में 29 हजार करोड़ का निवेश करेगा सिंगापुर, हाई कमिश्नर ने 20 एमओयू किए



ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पहुंचे सिंगापुर राजदूत ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश के साथ 29 हजार करोड़ से अधिक का निवेश करने जा रहे हैं और इसी के चलते 20 एमओयू साइन किए गए हैं. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब यूपी को एक बड़ा तोहफा देने जा रहे हैं. ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान सिंगापुर के साथ 20 एमओयू साइन किए गए हैं, जिससे सरकार राज्य को साफ सुथरा बनाने के लिए सिंगापुर के साथ सहयोग करेगी.हाई कमिश्नर ऑफ सिंगापुर टू इंडिया हिज एक्सीलेंस सिमोन वोंग ने बताया कि हमें पता चला कि यूपी सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट करने जा रही है तो हमने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात कर पहले पार्टनर कंट्री का दर्जा मांगा.इसी के साथ हाई कमिश्नर सिमोन वोंग ने कहा कि हम यहां सीएम योगी आदित्यनाथ के वन ट्रिलियन डॉलर के सपने को साकार करने में पूरी मदद करेंगे. साथ ही उन्होंने कहा कि हम सीएम योगी में विश्वास करते हैं और हम एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के यूपी के दृष्टिकोण में विश्वास करते हैं.सिमोन वोंग ने आगे कहा कि हम उत्तर प्रदेश के साथ 29 हजार करोड़ से अधिक का निवेश करने जा रहे हैं और इसी के चलते 20 एमओयू साइन किए गए हैं. जिससे राज्य को विकसित करने के लिए सिंगापुर पूरी मदद करेगा.सिमोन वोंग ने कहा कि एमओयू के माध्यम से गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट ट्रांसफर होगा, जिसमें स्किल ट्रांसफर, अर्बन सॉल्यूशंस, ट्रैफिक व्यवस्था और ई गवर्नेंस आदि चीजों को प्रदेश में विकसित करने में सिंगापुर उत्तर प्रदेश की मदद करेगा.

## एक नजर

### नई अज्ञात बीमारी ने दी दस्तक! मौतों से सहम उठा ये देश, सरकार ने किया 200 लोगों को क्वारंटाइन



कोरोना महामारी ने दुनियाभर के लोगों को परेशान तो किया ही है, लेकिन इस बीच एक नई अज्ञात बीमारी ने अफ्रीका के सबसे छोटे देशों में से एक इक्वेटोरियल गिनी में दस्तक दी है. इक्वेटोरियल गिनी में अज्ञात बीमारी के कारण रक्तस्राव वाले बुखार से लगभग आठ लोगों की मौत हो गई है. गिनी ने अपने देश में 200 से ज्यादा लोगों को क्वारंटाइन कर दिया है.

**लोगों के मूवमेंट पर बैन लगा**–क्वारंटाइन किए गए लोगों के मूवमेंट पर बैन लगा दिया गया है. गिनी के हेल्थ मिनिस्टर मितोहा ओन्डो ओ अयाकाबा ने शुक्रवार को बताया कि 7 फरवरी को इस संक्रमण की सूचना पहली बार मिली थी. शुरुआती जांच में लोगों की मौत इन लोगों से जुड़ी हुई थीं, जिन्होंने अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया था. वहीं, गिनी की सरकार ने अपने पड़ोसी देश गैबॉन में जांच के लिए सैंपल्स भेज दिए हैं.

**बीमारी को खत्म करने की कोशिश** –सरकार ने बताया है कि जिन गांवों के पास बीमारी का प्रकोप है उसके आसपास से आवाजाही बैन कर दी गई है. इसको देखते हुए 200 लोगों को क्वारंटाइन कर दिया गया है. दरअसल, ये एक तरह से रक्तस्रावी बुखार वाली बीमारी है. हेल्थ मिनिस्टर मितोहा ओन्डो ओ अयाकाबा ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया, ÷हम लस्सा या इबोला जैसे रक्तस्रावी बुखार को जल्द से जल्द खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं.÷ जबकि, इक्वेटोरियल गिनी के पड़ोसी देश कैमरून ने शुक्रवार को इस अज्ञात बीमारी के पता लगते ही अपने बॉर्डर से आवाजाही को बैन कर दिया है. कैमरून हेल्थ मिनिस्टर मैलाची मनौदा ने एक बयान में कहा कि कैमरून ने इस बीमारी के इम्पोर्ट को रोकने के लिए ये बैन लगाया है. मनौदा ने कहा कि इसकी जांच चल रही है और विश्व स्वास्थ्य संगठन और अटलांटा सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के एक्सपर्ट्स की मदद से इस बीमारी की निगरानी की जा रही है. कैमरून के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अज्ञात बीमारी के लक्षण नाक से खून आना, बुखार और जोड़ों में दर्द है, जो कुछ घंटों के अंदर ही मौत का कारण बन रहा है.

### रेलवे ट्रैक पर काम के चलते इस रूट की कई ट्रेनें कैंसिल, कई का किया गया रूट डायवर्ट



भारतीय रेलवे ट्रेनों को समय पर चलाने के लिए लगातार आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर रही है. साथ ही रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण (छ्श्ह्वड्ढद्यद्बठ्ठद्द) का काम भी किया जा रहा है. इसी कड़ी में उत्तर मध्य रेलवे (ह्श्ह्ल्ह्ल्द्ध ष्द्गठ्ठह्लह्ड्डद्य ऋड्डद्बद्य2ड्ड4) के वीरांगना लक्ष्मीबाई-कानपुर सेंट्रल सेक्शन पर दोहरीकरण कार्य के कारण प्री-नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है. इस कारण इस रास्ते से गुजरने वाली कई ट्रेनों को अस्थाई रूप से कैंसिल, डायवर्ट करने का निर्णय लिया गया है.अगर आप भी आने वाले दिनों में इस रूट की रेलों में यात्रा करने की सोच रहे हैं तो ये खबर आपके लिए जरूरी है. हम यहां आपको उन ट्रेनों की लिस्ट दे रहे हैं जो नॉन-इंटरलॉकिंग वर्क की वजह से प्रभावित होंगी-वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन से 21 फरवरी को चलने वाली ट्रेन संख्या 11109 वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस कैंसिल रहेगी. 21 फरवरी को लखनऊ जंक्शन से चलने वाली ट्रेन संख्या 11110 लखनऊ जंक्शन-वीरांगना लक्ष्मीबाई एक्सप्रेस कैंसिल रहेगी.इस ट्रेन को नियंत्रित किया जाएगाट्रेन संख्या 12511 गोरखपुर-कोचुवेली एक्सप्रेस 12 फरवरी को, 22533 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस 13 फरवरी को और 12521 बरौनी-एर्नाकुलम एक्सप्रेस 14 फरवरी को भीमसेन-पमन स्टेशनों के बीच 45 मिनट की नियंत्रित अवधि के साथ चलेगी.

### पीएम मोदी जैसे चाय बेचते थे वैसे ही.., तेलंगाना के मंत्री ने पीएम पर किया कटाक्ष



तेलंगाना के श्रम मंत्री सी मल्ला रेड्डी ने शुक्रवार (10 फरवरी) को पीएसयू को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष किया है. मल्ला रेड्डी ने दावा किया कि पीएम मोदी का प्रशासन पीएसयू को उसी तरह बेच रहा है जैसे कभी उन्होंने चाय बेची थी. मंत्री राज्य की विधानसभा में बोल रहे थे. उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन को निर्मलम्मा कहकर उन पर भी कटाक्ष किया.श्रम मंत्री सी मल्ला रेड्डी ने कहा, ÷प्रधानमंत्री मोदी चाय बेचते थे. पहले वे सीएम बने और बाद में पीएम बने. अब यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम सभी ने उन्हें एक अध्यक्ष के रूप में माना. पीएम मोदी पीएसयू को बेच रहे हैं. वह हमेशा बेचने के लिए तैयार रहते हैं. वह सार्वजनिक उपक्रमों को उसी तरह बेच रहे हैं जैसे उन्होंने चाय बेची थी.÷ पीएसयू यानी पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग वो इकाई हैं जो ज्यादातर सरकार के स्वामित्व में रहती हैं.

**केंद्र पर लगाया पैसे न देने का आरोप**–मल्ला रेड्डी ने केंद्र पर श्रमिकों के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत तेलंगाना को आवंटित धनराशि जारी नहीं करने का आरोप लगाया. विधानसभा में बजट मांगों का जवाब देते हुए, मल्ला रेड्डी ने कहा कि केंद्र तेलंगाना को श्रमिकों की बीमा राशि जारी नहीं कर रहा है, जिसके कारण श्रमिकों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है. केंद्र को चालू वित्त वर्ष के दौरान 463 करोड़ रुपये जारी करने थे, लेकिन अभी तक केवल 226 करोड़ रुपये ही जारी किए गए हैं.

**मल्ला रेड्डी ने और क्या कहा**–उन्होंने दावा किया कि केंद्र ने असंगठित श्रमिकों को पेंशन योजना में शामिल करने के लिए राज्यों से उनकी सूची भेजने को भी कहा था. प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (पीएम-एसवाईएम) और श्रम विभाग ने 40.8 लाख असंगठित श्रमिकों की सूची भेजी थी,

## कांग्रेस नेता समेत परिवार को मिली जान से मारने की धमकी, मैसेंजर के जरिए मांगे जा रहे 5 लाख रुपये

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि विपक्ष के साथ साथ सत्ता पक्ष के लोगों को भी वे निशाने पर ले रहे हैं. मुजफ्फरपुर में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव अरविंद कुमार सिंह को अराजक तत्वों ने मैसेंजर पर पांच लाख रुपये देने की धमकी दी है. पैसे नहीं देने पर हत्या करने की भी धमकी दी गई है. किसी दिगंबर सिंह के नाम के अकाउंट से मैसेज आया था. मैसेज में उनके पुत्र को भी गोली मारने की बात कही है. उनका पुत्र नोएडा में लॉ की पढ़ाई कर रहा है. इस मामले को लेकर पूर्व सचिव ने शुक्रवार को नगर थाना में रंगदारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है.

**बेटे और भतीजा से भी रंगदारी मांगी जा रही**–अरविंद सिंह का कहना है कि 23 जनवरी से ही उनको और उनके परिवार को लगातार धमकी मिल रही है. पूर्व सचिव के बेटे पर हाल ही में गोलीबारी भी हुई थी, लेकिन वह बाल-बाल बच गया. उनका




कहना है कि अभी कुछ दिन पहले ही मुझे मेरे बेटे और भतीजा से भी रंगदारी मांगी जा रही थी. दिगंबर नामक आईडी से रंगदारी मांगी जा रही थी और नगर थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करवाई है. कांग्रेस नेता को काफी समय से लगातार धमकी मिल रही है. पूरा परिवार डरा सहमा हुआ है.

**रंगदारी नहीं देने पर अंजाम बुरा होने की बात कही**–डीएसपी टाउन राघव दयाल ने बताया कि कांग्रेस नेता बालूघाट में रहते हैं. नेता अरविंद सिंह ने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. एफआईआर में उन्होंने आरोप लगाया है कि फेसबुक के मैसेंजर के माध्यम से उनको मैसेज करके रंगदारी मांगी जा रही है. मैसेज में यह भी लिखा जा रहा है कि पैसे नहीं देने पर अंजाम भुगतना होगा. जान से मरने तक की धमकी दी गई है. पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है जिसमें उनको तीन दिन का समय देने की बात कही गई है. आवेदन के बाद पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है.

## त्रिपुरा में कुर्सी का गठबंधन कांग्रेस-लेफ्ट पर जेपी नड्डा का वार



त्रिपुरा विधानसभा चुनाव से करीब एक हफ्ते पहले बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी की विजय संकल्प रैली से कांग्रेस और लेफ्ट पर जमकर वार किया. उन्होंने विरोधी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि इनका गठबंधन कुर्सी के लिए है.गुरुवार (9 फरवरी) को पश्चिमी त्रिपुरा के अगरतला के खयेरपुर इलाके में चुनावी रैली के दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि पहले राज्य में सीपीएम की गुंडा नीति चलती थी, जिसे खत्म कर दिया गया है. साथ ही लाल आतंकवाद को खत्म किया गया है. त्रिपुरा में 16 फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है, जिसके नतीजे दो मार्च को मेघालय और नागालैंड के परिणामों के साथ आएंगे. नड्डा ने 9 फरवरी को ही त्रिपुरा में बीजेपी का संकल्प पत्र (घोषणापत्र) जारी किया, जिसमें जनता से कई वादे किए गए हैं.

**इनके गठबंधन में कोई तालमेल नहीं**–नड्डा ने मीडिया से कहा, (राज्य में) लाल आतंक खत्म हो गया है. त्रिपुरा आज विकास के लिए जाना जाता है. त्रिपुरा में कुर्सी का गठबंधन है. इनके गठबंधन में कोई तालमेल नहीं है. आदिवासी का भला मोदी जी ही कर सकते हैं.

## महरौली में जारी रहा का अतिक्रमण विरोधी अभियान, आप सरकार बोली- तुरंत रोको ये एक्शन



दिल्ली की आप सरकार ने शनिवार (11 फरवरी) को दिल्ली विकास प्राधिकरण (ड्डड्ड) से महरौली में अतिक्रमण विरोधी अभियान रोकने को कहा है. अधिकारियों ने ये जानकारी दी. उन्होंने पीटीआई से कहा कि राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने क्षेत्र में नए सिरे से सीमांकन का आदेश दिया है.अधिकारियों ने बताया कि मंत्री ने कहा है कि नए सिरे से सीमांकन किए जाने तक क्षेत्र के निवासियों को विस्थापित नहीं किया जा सकता है. उन्होंने दावा किया कि डीडीए ने कथित अतिक्रमण को गिराने के लिए राजस्व विभाग के सीमांकन को अपना आधार बनाया था.

**डीडीए का अतिक्रमण विरोधी अभियान**–डीडीए के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि एक दिन पहले महरौली पुरातत्व पार्क क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान लगभग 1,200 वर्ग मीटर सरकारी भूमि को फिर से हासिल किया गया था. इससे पहले स्थानीय लोगों के विरोध के बीच दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने शनिवार को लगातार दूसरे दिन महरौली इलाके में अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रखा.

**लोगों ने कहा कोई नोटिस नहीं दिया**–अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे. क्षेत्र के निवासियों ने कहा कि डीडीए ने अंधेरिया मोड़ स्थित औलिया मस्जिद के पास दो तीन मंजिला इमारतों को झोपड़ियों सहित गिरा दिया था. बृजवासी के आम बाग में एजेंसी की जमीन पर अवैध तरीके से कई तीन और चार मंजिला ढांचों का निर्माण किया गया था. वहीं लोगों का कहना है कि उन्हें एजेंसी की ओर से कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई.

**शुक्रवार को शुरू किया था अतिक्रमण विरोधी अभियान**–डीडीए (ड्डड्ड) अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने शुक्रवार को घौसिया स्लम कॉलोनी में एक अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया था. डीडीए ने बृजवासी कॉलोनी और सी-ब्लॉक में एक इमारत को भी ध्वस्त कर दिया और अन्य को आंशिक रूप से हटा दिया. ये क्षेत्र महरौली पुरातत्व पार्क (स्द्गद्धह्ड्डह्वद्यद्ब ह्रष्द्धड्डद्गश्द्यश्दद्बष्ड्डद्य श्चड्डह्द्म) के करीब स्थित हैं. यहां की कुछ जमीन डीडीए की है, जबकि कुछ अन्य हिस्सों पर पिछले एक दशक में इमारतें और झुग्गियां बनी हैं,

## सीताराम येचुरी बोले- त्रिपुरा चुनाव में कांग्रेस और लेफ्ट को होगा फायदा, बताया ये कारण



त्रिपुरा विधानसभा चुनाव को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (ष्टक्करू) के महासचिव सीताराम येचुरी ने बड़ा दावा किया है. उन्होंने कहा कि चुनाव में होने वाले त्रिकोणीय मुकाबले से लेफ्ट-कांग्रेस गठबंधन को मदद मिलेगी. न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक येचुरी ने कहा कि 16 फरवरी को होने वाले इलेक्शन के लिए स्थानीय स्तर के नेता (टिपरा मोथा जैसे) अन्य दलों के साथ संभावित समायोजन को देखने के साथ ही इस बात का आकलन करेंगे कि बीजेपी को हराने में कौन सर्वाधिक सक्षम है.

**जनजातीय एरिया से कितनी सीटें मिली** –येचुरी ने कहा कि बीजेपी और उसकी सहयोगी इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (द्बक्कस्नञ्ज) ने पिछले चुनाव में जनजातीय इलाकों की 20 में से 18 सीटें जीती थीं. राज्य विधानसभा की 60 में से 20 सीट जनजातीय क्षेत्रों के लिए आरक्षित हैं. बीजेपी ने 2018 में कुल 36 सीटें जीती थीं, जिनमें से आधी सीट जनजातीय क्षेत्र से मिली थीं. उन्होंने दावा किया कि इस बार जनजातीय क्षेत्रों में टिपरा मोथा सबसे आगे है.

**दोबारा नहीं मिलेगा**–येचुरी ने कहा कि आईपीएफटी को बीजेपी ने सिर्फ पांच सीटें दी हैं. उन्होंने कहा कि पिछली बार बीजेपी को जो फायदा मिला था, वह उसे दोबारा नहीं मिलेगा. इससे वाम-कांग्रेस गठबंधन को मदद मिलने की उम्मीद है. उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों में सीपीएम को मिले 42.22 प्रतिशत और कांग्रेस के दो प्रतिशत वोटों की तुलना में बीजेपी को 43.59 फीसदी वोट मिले थे. येचुरी ने कहा कि हमें पिछली बार से इस बार अधिक मिलेगा.

**चुनाव क्यों है अहम**–त्रिपुरा के विधानसभा चुनावों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि राजनीतिक विश्लेषकों को लगता है कि इस बार सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच एक कड़ा मुकाबला हो सकता है. येचुरी ने शुक्रवार (10 फरवरी) को कहा था कि हालांकि टिपरा मोथा के साथ कोई चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं है, लेकिन आदिवासी पार्टी के साथ स्थानीय स्तर पर कुछ समझ कायम हो सकती है, जो राज्य के मौजूदा चुनावों में तीसरे ध्रुव के रूप में उभरी है.

## शहीद चंद्रशेखर आजाद की मूर्ति की मरम्मत के लिए मुंबई से पहुंचे एक्सपर्ट, चमत्कार का हो रहा था दावा

संगम नगरी प्रयागराज में दो दिन अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जिस जगह शहीद हुए थे और शहादत स्थल पर उनकी जो आदमकद प्रतिमा लगी हुई हैं, उस प्रतिमा से बूंद बूंद पानी टपकने की खबर आई थी. चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा से लगातार पानी टपकने पर हड़कंप मच गया था, क्योंकि मिश्रित धातु से बनी प्रतिमा में हवा या पानी जाने का कोई सोर्स नहीं था. ऐसे में कोई यह दावा कर रहा था कि आजाद की आत्मा रो रही है, तो कोई इसे चमत्कार बता रहा था. कई लोग तो पानी की टपकती हुई बूंदों को अपने सिर माथे पर लगाते हुए नजर आ रहे थे.

## वित्त मंत्री ने किया नए टैक्स रिजिम का बचाव, कहा खपत और बचत से जुड़े फैसले खुद तय करें लोग

नए टैक्स रिजिम में निवेश पर छूट की व्यवस्था का प्रावधान नहीं है जैसे पुरानी टैक्स व्यवस्था में है. जिसे लेकर सरकार की लगातार आलोचना हो रही है कि नए टैक्स रिजिम में सरकार लोगों को भविष्य के लिए निवेश - बचत के लिए प्रेरित नहीं कर रही. जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन से ये सवाल किया गया तो उन्होंने कि सरकार को टैक्सपेयर्स के सेविंग और खपत की क्षमता को कम कर नहीं आंकना चाहिए. नए टैक्स रिजिम में टैक्सपेयर्स को ज्यादा अधिकार दिए गए हैं और वो तय कर सकेगा कि बचे हुए पैसे से वो क्या करना चाहता है. आरबीआई की सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में शिरकत करने के बाद आरबीआई गवर्नर के साथ साझा प्रेस कॉफ्रेंस के दौरान वित्त मंत्री ने नए टैक्स रिजिम का बचाव करते हुए कहा कि नए टैक्स रिजिम ने आम लोगों, टैक्सपेयर्स और हाउसहोल्ड के हाथों में ज्यादा पैसे छोड़े हैं. इसलिए जो पैसे टैक्स देने के बाद जो पैसे उसके हाथ में बचेंगे, उसे तय करना है कि बचे हुए पैसे का क्या करना है. निर्मला सीतारामन ने कहा कि मैं किसी हाउसहोल्डर जो अपने



परिवार का ख्याल रख रहा है, उनके भविष्य के हितों का ख्याल रख रहा है उसके फैसले लेने की क्षमता को मैं क्यों क्यूं प्रभावित करूं. वित्त मंत्री ने कहा कि जो व्यक्ति पैसे कमा रहा है वो समझदार है और उसे पता है कि उसे अपने पैसे कहां रखना है. वो बचत करना चाहता है अपने और अपने परिवार के लिए बीमा लेना चाहता हैं तो मैंने उन्हें ऐसा करने से रोका नहीं है. एक फरवरी 2023 वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए पुराने टैक्स रिजिम में तो टैक्सपेयर्स को कोई राहत नहीं दी. लेकिन नए टैक्स रिजिम के टैक्स छूट की सीमा को बढ़ाकर 3 लाख रुपये सालाना कर दिया. 3 से 6 लाख सालाना आय पर 5 फीसदी, 6 से 9 लाख रुपये पर 10 फीसदी, 9 से 12 लाख की आय पर 15 फीसदी, 12 से 15 लाख रुपये पर 20 फीसदी और 15 लाख से ज्यादा आय पर 30 फीसदी टैक्स स्लैब कर दिया. साथ ही नए टैक्स स्लैब में बदलाव करते हुए 7 लाख रुपये तक सालाना कमाने वालों को टैक्स से छूट देने की सौगात दे दी. सरकार ने 25,000 रुपये टैक्स पर रिबेट दे दी है.

# नवाजुद्दीन की पत्नी की बढ़ीं मुश्किलें, कोर्ट ने इस मामले में आलिया को भेजा समन



बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी बीते कुछ वक्त से अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। दरअसल अभिनेता अपनी पत्नी आलिया के साथ घरेलू विवाद को लेकर सुर्खियों में हैं। दोनों के बीच विवाद इस कदर बढ़ गया है कि मामला कोर्ट तक पहुंच गया है। कुछ वक्त पहले अभिनेता की मां मेहरूनिसा और आलिया के बीच संपत्ति विवाद का मामला सामने आया था। वहीं, अब नवाजुद्दीन की पत्नी आलिया को कोर्ट ने समन भेजा है।

छेड़छाड़ को लेकर दर्ज कराई थी शिकायत

दरअसल, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की मां मेहरूनिसा ने आलिया के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने आलिया को थाने पूछताछ के लिए बुलाया था। इस मामले के बाद नवाजुद्दीन की पत्नी आलिया ने पति और ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत कई शिकायतें दर्ज कराईं। फिलहाल पुलिस इस मामले में क्लोजर रिपोर्ट दर्ज कर चुकी है। हालांकि, आलिया को कोर्ट ने समन भेजा है। दरअसल, साल 2020 में आलिया ने मुंबई के वसोर्वा थाने में अपने देवर पर उनके साथ गलत हरकत को लेकर शिकायत दर्ज करवाई थी। उन्होंने कहा था कि वह साल 2012 के समय अपने ससुराल गई थीं। उसी दौरान उनके देवर ने गलत हरकत की, जिसके बाद उन्होंने वसोर्वा थाने में जीरो एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले को लेकर विचार विमर्श के लिए बुढ़ाना कोतवाली भेज दिया गया था।

कोर्ट ने भेजा समन

इस शिकायत के बाद आलिया को एक बार कोर्ट में भी पेश होना पड़ा, जिसमें उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया था। हालांकि इस पूरे मामले की जांच होने के बाद किसी भी प्रकार का सबूत न मिलने पर पॉक्सो कोर्ट ने क्लोजिंग रिपोर्ट दर्ज कर दी थी। आलिया को इस केस के अंतर्गत कोर्ट में पेशी के लिया बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं पहुंचीं।


# विंटर ड्रेस में कहर ढाती नजर आयी रुबीना दिलैक, फैंस ने कह डाली ये बात

टीवी जगत की जानी-मानी अभिनेत्री रुबीना दिलैक जो आज टीवी का एक ऐसा चेहरा बन चूँकि हैं जिसे शायद ही कोई न जनता हो। रुबीना ने अपने करियर में कई उतर चढाव का सामना किया हैं लेकिंन आज वह जिस मुकाम पर पहुंची हैं उस मुकाम तक पहुंचने का सपना हर एक एक्टर देखता हैं। जहाँ एक और रुबीना दिलैक अपने बेहतरीन अभिनय प्रदर्शन को लेकर पूरे टीवी जगत में चर्चित रहती हैं तो वही उनका ट्रेंडी लुक भी हमेशा लोगो का अट्रैक्शन अपनी ओर खींचने में कारगर रहता हैं। रुबीना का फैशन सेंस कितना कबिलिये तारीफ हैं इस बात में तो कोई दो-राह नहीं हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं साथ ही अपने जीवन से जुडी हर एक अपडेट सोशल मीडिया के जरिये अपने फैंस तक पहुँचाती रहती हैं। ऐसे में फिर एक बार रुबीना ने अपने लेटेस्ट लुक से अपने फैंस को दंग कर दिया जिसमे उनका लेटेस्ट लुक इस कदर हॉट और क्लासी नजर आया कि फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। इस लिस्ट में सबसे पहले रुबीना का विंटर लुक देखने को मिलता हैं जिसमे वह हॉट तो लगी ही साथ ही उन्होंने अपने फैंस को विंटर में खुद को कैसे क्लासी और हॉट दिखा सकते हैं इसकी भी कई टिप्स दी। इस लुक में रुबीना वाइट स्वेटर और ग्रे स्कर्ट में नजर आयी। अपने लुक को पूरा करने के लिए उन्होंने इसके साथ एक लॉन्ग चौन विद पैंडेंट पहना हुआ हैं साथ ही सर पर एक कैप भी पहनी जिसमे वह बेहद ही प्यारी लग रही हैं। बात करे रुबीना के एक और लुक की तो इस लुक में रुबीना एक सिल्वर कलर की शिमरी आउट फिट में नजर आयी, इसमें एक्ट्रेस का लुक कबिलिये तारीफ था इस दौरान उन्होंने कई पोसेस में अपनी फोटोज क्लिक कराई साथ ही अपने लुक को और स्वेगी बनाने के लिए रुबीना एक ब्लैक कलर के गॉगल्स पहने नजर आई। इस लुक में तो मानो रुबीना ने कोहराम ही मचा दिया था रुबीना का ये वाइट कट-आउट ड्रेस किसी को भी दीवाना करने के लिए काफी था




## 'कांतारा' के मेकर्स को मिली राहत, सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाइकोर्ट का फैसला

फिल्म 'कांतारा' के मेकर्स को बड़ी राहत मिली है। दरअसल, मेकर्स पर फिल्म के 'वराह रूपम' गाने को लेकर साहित्यिक चोरी का आरोप लगा है। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए 'कांतारा' के निमार्ता-निर्देशक विजय किरागंदुर और ऋषभ शेट्टी को राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया है, जिसमें कहा गया था कि 'वराह रूपम' गाना फिल्म में नहीं दिखाया जाएगा। फिल्म 'कांतारा' के निर्देशक और निमार्ता को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से अग्रिम जमानत मिल गई है। साथ ही कोर्ट ने गाने को फिल्म से हटाए जाने के हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा है, 'फिल्म के निमार्ता-निर्देशक विजय किरागंदुर और ऋषभ शेट्टी जब गाने के कॉपीराइट उल्लंघन की जांच के संबंध में 12 और 13 फरवरी को पूछताछ के लिए पेश होंगे तो उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा।' बता दें कि ऋषभ शेट्टी की फिल्म की रिलीज के बाद फिल्म के गाने 'वराह रूपम' पर केरल के बैंड ताईकुडम ब्रिज ने साहित्यिक चोरी का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि फिल्म बनाने वालों ने उनके गाने 'नवरसम' से कॉपी किया है। इसके बाद लीगल एक्शन लेते हुए 'वराह रूपम' के वीडियो को यूट्यूब से डिलीट कर दिया गया था। हालांकि, गाना फिल्म से नहीं हटाया गया था। हाईकोर्ट ने फिल्म से भी गाने को हटाए जाने का निर्देश दिया था। लेकिन, अब हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट ने 'कांतारा' से 'वराह रूपम' गाने को हटाए जाने के निर्देश पर रोक लगाई है, साथ ही फिल्म के निमार्ता-निर्देशक को भी अग्रिम जमानत मिल गई है। बता दें 'कांतारा' 30 सितंबर 2022 को रिलीज हुई थी। कम बजट की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन किया।





डेनिम में दिखा टीना दत्ता का ग्लैमरस अवतार



'बॉस लेडी' बन करीना ने दिखाया अपना ग्लैम लुक

## फिनाले के चंद दिन पहले गौतम गुलाटी ने बिग बॉस 16 के विनर का कर दिया खुलासा

बिग बॉस 16 अब कुछ ही दिन अपने फैंस को एंटरटेन करेगा। इस शो के फिनाले की उलटी गिनती शुरू हो गई है। हर बीतते दिन के साथ इस शो के फैंस विनर को लेकर



एक्साइटेड हो रहे हैं। सब अपने मन में अपने फेवरेट कंटेस्टेंट को विनर मान चुके हैं। लेकिन असल में कौन इस ट्रॉफी का हकदार है और कौन इस शो का विजेता बनेगा वो तो ग्रैंड फिनाले पर ही पता लगेगा। लेकिन अब लोग अपनी पसंद जाहिर करने में बिल्कुल भी नहीं झिझक रहे। ऐसे में हाल ही में इस शो के एक्स कंटेस्टेंट और बिग बॉस 8 के विनर गौतम गुलाटी ने अपने एक ट्वीट से ये साफ कर दिया है कि वो इस सीजन में किसे विनर के तौर पर देख रहे हैं। आपको बता दें, फिलहाल शो में सिर्फ 5 कंटेस्टेंट बचे हुए हैं। टॉप 5 में प्रियंका चाहर चौधरी, शिव ठाकरे, एमसी स्टेन, अर्चना गौतम और शालीन भनोट बने हुए हैं। इन पांचो में से ही कोई एक इस बार अपनी जीत का जश्न मनाएगा। ऐसे में हर कंटेस्टेंट के बीच तगड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। हर कोई अपने सिर पर विनर का ताज सजाने के सपने देख रहा है। लेकिन अब गौतम गुलाटी ने गलती से सोशल मीडिया पर विनर के नाम का खुलासा कर दिया है। बिग बॉस 8 के विनर गौतम गुलाटी ने सरेआम ऐलान कर दिया है कि सीजन 16 के विनर की ट्रॉफी किसके हाथ जानी चाहिए। आपको बता दें, जिसके नाम को लेकर गौतम ने दावा किया है वो कोई और नहीं बल्कि बिग बॉस 16 की सबसे खूबसूरत कंटेस्टेंट प्रियंका चाहर चौधरी हैं। इतना ही नहीं गौतम गुलाटी ने प्रियंका के सपोर्ट में ट्वीट करते हुए स्टेन का भी जिक्र किया है। गौतम ने अपने ट्वीट में लिखा, प्रियंका को ट्रॉफी और स्टेन के गाने पर रील तो बनती है बॉस रुइइ16...। अब गौतम का ये ट्वीट काफी वायरल हो रहा है। शो के फैंस उनकी इस पसंद पर अपनी राय रखते हुए नजर आ रहे हैं।

## ब्लैक रफल साड़ी में कहर ढाती नजर आई हुमा कुरैशी, लुक देख रह जायेंगे हैरान

बॉलीवुड इंडस्ट्री में फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से अपना नाम बनाने वाली एक्ट्रेस हुमा कुरैशी अपने बेहतरीन लुक के लिए हमेशा बॉलीवुड में सबकी अटेंशन चुराती नजर आती रहती हैं। हुआ को कई बड़े एक्टर संग भी कई फिल्मो में अभिनय करते हुए देखा जा चुंका हैं। हुमा की बेहतरीन एक्टिंग स्किल्स को हमेशा बॉलीवुड में सराहा जाता हैं लेकिन अब फिर एक बार हुमा लोगो का दिल चुराती नजर आ रही हैं और उसकी वजह इस बार बॉलीवुड में आती उनकी कोई नयी फिल्म नहीं बल्कि उनका न्यू लुक हैं जिससे हुमा सबकी धड़कनो को तेज करती हुई नजर आ रही हैं हुमा बॉलीवुड की उन हसीनाओं में से एक हैं जिनकी अदाकारी लोगो के मन में घर कर चुंकि हैं हुमा पूरे बॉलीवुड में आज एक नामी चेहरा बन चूँकि हैं जिसके लिए उन्होंने खुद को बहुत निखारा और सवारा हैं तब जाकर आज वो फिल्मी दुनिया का एक चमकता सितारा बन पाई हैं। बात करे हुमा के इस लेटेस्ट लुक कि तो उन्होंने ये लुक एक फोटोशूट के लिए कैरी किया हैं जिसमे उनकी अदाए किसी भी इंसान को घायल कर दे। सामने आयी तस्वीरो में हुमा ब्लैक कलर की स्पार्कल रफल साड़ी पहने बेहद हॉट पोसेस देती नजर आ रही हैं। जिसमे हुमा ने कई पोसेस के साथ खुद को एन्हांस किया। हुमा की इस बेहतरीन स्पार्कल रफल ब्लैक साड़ी की जितनी तारीफ की जाये उतनी काम होगी लेकिन इसकी तारीफ में और चार-चाँद लगता हैं उनका ये बोल्ड ट्यूब ब्लॉउस का तड़का जोकि हुमा ने अपनी साड़ी के साथ कैरी किया हैं। यह ब्लाउज उनके इस लुक में कमाल ग्लैमर का तड़का लगा रहा हैं मेकअप कि बात करे तो हुमा ने इस हॉट लुक को औ ग्लैमरस बनाने के लिए बोल्ड ग्लासी मेकअप का चुनाव किया हैं जो उनके लुक को कम्पलीट तो कर ही रहा हैं साथ ही एक्ट्रेस के लुक को एक क्लासी टच भी देता नजर आ रहा हैं।




**पन्ना कलेक्टर भाजपा के एजेंट के रूप में कार्य कर रहे : डॉ गोविंद सिंह**

# विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने पन्ना कलेक्टर संजय कुमार मिश्र के विरूद्ध शीघ्र अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग की

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड मप्र**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने मध्यप्रदेश शासन के मुख्यसचिव को पत्र लिखकर जिला पन्ना के कलेक्टर संजय कुमार मिश्र के वायरल वीडियो में उनके द्वारा, सरकार द्वारा की जा रही विकास यात्रा के दौरान करथा अमानगंज में दिये उद्बोधन में कथन किया है कि ÷माननीय मोदी जी कहते है कि आजादी का अमृत काल चल रहा है और शताब्दी 25 साल बाद मनाई जायेगी। प्रधानमंत्री का जो सपना है कि जब शताब्दी मने तब भी यही सरकार रहे । यानी अगले 25 साल तक आपको इसी मेहनत से इस सरकार के साथ बने रहना है। किसी के भटकाने या भरमाने में आने की जरूरत नहीं है। हम लोगों को ऐसे ही लोगो को सपोर्ट करने की जरूरत है।÷ कलेक्टर पन्ना का यह बयान सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत है एवं पार्टी विशेष के कार्यकर्ता की तरह कार्य करने वाला है 26 वर्ष शासकीय सेवा के उपरांत भी पन्ना कलेक्टर द्वारा सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन करते हुये सार्वजनिक मंच से पार्टी विशेष के पक्ष में उद्बोधन देना अत्यंत आपत्तिजनक है। विकास यात्रा के कार्यक्रम में जिला कलेक्टर मय समस्त जिला अधिकारियों के उपस्थित थे, यह उनके उद्बोधन में उल्लेखित है। यह भी अत्यंत आपत्तिजनक है एवं प्रदेश में सिविल सेवाओं की स्थिति को दर्शाता है। अखिल भारतीय सिविल सेवा आचरण नियम 1968 के नियम 3(1) अनुसार सिविल सेवा के प्रत्येक सदस्य को ÷राजनैतिक तटस्थता का पालन



करना बाध्यकारी किया गया है। सिविल सेवकों को न केवल राजनैतिक तटस्थता का पालन करना चाहिये बल्कि यह उनके आचरण में जन सामान्य को दर्शित भी होना चाहिये। इसी प्रकार नियम 5 (1)(4) के अनुसार अखिल भारतीय सेवा का कोई अधिकारी किसी भी प्रकार के राजनैतिक कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में किसी भी स्वरूप में भाग नहीं ले सकता है और न ही किसी प्रकार से उन्हें सहायता कर सकता है। आचरण नियम अनुसार अधिकारियों से उच्च नैतिक मानदंड, निष्ठा एवं ईमानदारी की अपेक्षा की गई है। इस संबंध में भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा भी 1969 में परिपत्र जारी कर निर्देश जारी किये गये थे कि सिविल सेवकों को राजनैतिक रूप से तटस्थ रहना चाहिये और उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। संजय कुमार मिश्रा, कलेक्टर पन्ना के भारतीय जनता पार्टी से प्रभावित होने एवं अपने कार्यों के निष्पादन में भाजपा के पक्ष में कार्य करने के कई घटनाक्रम हो चुके है। जनपद पंचायत गुन्नौर जिला पन्ना के उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया 27/07/2022 को हुई थी जिसमें उन्होंने सारे नियम कायदों को ताक में रखकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को जनपद उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित घोषित कर दिया था, जिसके संबंध में मान उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका दायर हुई थी जिसकी सुनवाई के दौरान दिनांक 03/08/2022 को मान न्यायाधीश श्री विवेक अग्रवाल द्वारा श्री मिश्रा के विरूद्ध जो टिप्पणी की गई थी, वह बहुत ही महत्वपूर्ण है। जिसमें उन्होंने कहा कि कलेक्टर पन्ना के विरुद्ध स्ट्रक्चर पास किया जाये कि वह कलेक्टर के रूप में नहीं बल्कि एक पॉलिटिकल एजेंट के रूप में कार्य कर रहे है एवं उन्हें कलेक्टर के पद से हटाया जाना चाहिये।नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने कहा कि संजय कुमार मिश्र आई.ए.एस. द्वारा कलेक्टर जैसे गरिमामयी पद को कलंकित करते हुये भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं राज्य में कार्यरत सिविल सेवाओं के लिये लज्जापूर्ण है। इस विषय पर आपसे अपेक्षा है कि पन्ना कलेक्टर के विरूद्ध अखिल भारतीय सिविल सेवा आचरण नियम के तहत कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए संपूर्ण प्रदेश के सिविल सेवकों के समक्ष एक अनुकरणीय उदाहरण स्थापित करेंगे।

# नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविन्द सिंह के आह्वान पर दबोह में कांग्रेस पार्टी ने निकाली हाथ जोड़ो तिंरगा यात्रा



**अर्पित गुप्ता**
**उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**-प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी के संदेश पर नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविन्द सिंह के मार्गदर्शन में लहार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में दबोह में नगर कांग्रेस कमेटी ने वार्ड क्रमांक 03 में



ढोल नगाड़ों के साथ भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के जिला हाथ जोड़ो तिरंगा निकाली गई।जिसमे भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।सर्व प्रथम संविधान निर्माता बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।जिसमे उपरांत वार्ड क्रमांक 03 हाथ जोड़ो यात्रा का शंखनाद किया गया और बड़ती मंहगाई को लेकर मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला।इस मौके पर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष हाकिम सिंह चौधरी ने कहा कि बड़ती मंहगाई और बेरोजगारी को लेकर नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह की अगुबाई में हाथ जोड़ो यात्रा कांग्रेस पार्टी यह यात्रा निकाल रही है,जो बजट मोदी सरकार का पेश हुआ वह जनता के हित मे नहीं है।प्रदेश महासचिव शिवनारायण दुबे और नगर अध्यक्ष रूपनारायन खटीक ने कहा समूचे हिंदुस्तान में भाजपा सरकार धर्म के नाम पर भ्रम फैला रही है।महंगाई चरम सीमा पर है देश का युवा बेरोजगारी से गुजर रहा है।गैस सिलेंडर के दाम,पेट्रोल डीजल के दामों में लगातार वृद्धि हो रही है।हाथ जोड़ो यात्रा में मुख्य रूप से कांग्रेस सेक्टर प्रभारी सुरेश कौरव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधी नरेंद्र दुधारिया,जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राजा भैया पाल,नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूपनारायण खटीक,जगमोहन तेरिया,मंडलम प्रभारी सुरेश कौरव,पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र खेमरिया,पार्षद सुधीर तिवारी,पार्षद प्रतिनिधि माधव यादव,महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेशमा बानो,पार्षद प्रतिनिधि नारायण सिंह दोहरे,कांग्रेस नेता रियाज,महिला कॉग्रेस नेत्री परवीन बेड़म खान,फरियाद पठान आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# श्री सीरवी समाज विकास मंडल ठाणे नयी महिला मडल कार्यकारिणी का गठन



**पुष्पाजंली टुडे**

**मुम्बई ।**शनिवार दिनांक 4/2/2022 को श्री सीरवी समाज विकास मडल ठाणे महिला मंडल की नयी कार्यकारिणी का गठन आईमाता बडेर ठाणे के प्रागण मे किया गया ।सर्वप्रथम आईमाताजी की आरती व पूजा अर्चना के बाद आम सभा आयोजित की गई। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमति झमकुबाई काग को सर्वसमित से चुना गया ।उसके बाद कार्यकारिणी का विस्तार किया जिसमें उपाध्यक्ष श्रीमती प्यारीबाई परिहार, सचिव श्रीमती रेखाबाई सोयल, सह-सचिव श्रीमति उमाबाई राठौड़, कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रिशा गहलोत, सह-कोषाध्यक्ष धापूबाई देवड़ा को चुना गया । संस्था के अध्यक्ष सुरेश वरपा इसाली ने सभी सम्पूर्ण नवीन कार्यकारिणी को बधाई व शुभकामनाए दी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को भाजपा कार्यकर्ताओ ने 66 बूथ केंद्रों पर समर्पण दिवस के रूप में मनाया

**पुष्पांजलि टुडे**
**रिपोर्टर मौ डॉ. बेताल सिंह गौड़**



**मौं।** भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य एकात्म मानवतावाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को भारतीय जनता पार्टी मंडल मौं के कार्यकर्ता 66 बूथ केंद्रों पर समर्पण दिबस के रूप में मनाया। मौं नगर में मुख्य आयोजन नगर के बार्ड क्रमांक 11 मिल्क पट्टी स्थित मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाह, के आवास पर किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पार्टी के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मर्जाद सिंह यादव (धोंरी) मौजूद थे एवं विशेष अतिथि के रुप में पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप शर्मा मौजूद थे अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया इसके बाद मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी एवं आजीवन सहयोग निधि के बारे में विस्तार से बताया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थि मर्जाद सिंह यादव जी ने कहा आज हमारे लिए बड़े गौरव की बात है कि हम ऐसे महान व्यक्ति की पुण्यतिथि मना रहे हैं जिसने अपना पूरा जीवन पार्टी की स्थापना से लेकर विस्तार तक लगाया हम सब कार्यकर्ताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानवतावाद के सिद्धांत को जन जन तक लेकर जाना है आज प्रदेश की शिवराज सरकार एवं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के सिद्धांत पर काम कर रही है इसी के तहत गरीबों को आवास दिए जा रहे हैं शौचालय बनाए जा रहे हैं गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है गरीबों को मुफ्त तक का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है जिससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास हो सके ।विशेष अतिथि रामख्तयार गुर्जरने पंडित दीनदयाल जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री राजू मिश्रा ने किया एंव अन्त में आभार प्रगट मण्डल महामंत्री सुल्तान मौर्य ने किया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा मौर्चा जिला उपाध्यक्ष रामख्तयार गुर्जर मिडिया प्रभारी सोमबीर सिबहरे बन्टी कुशबाह डां बेताल गोड दीपक यादव धर्मेन्द राणा बबली यादव पर्वत जादोंन राम यादव महेंन्द परिहार पूरन गोयल बलबीर गोयल रामकुमार जादोंन रामकेश गुर्जर सुभंम राठौंर दिनेश परिहार शतीष परिहार संतोंष यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

**सदर विधायक ने दारू प्रखंड में 5.4 करोड़ के विकास योजनाओं की रखी आधारशिला**

# आजादी के बाद पहली बार पिछले करीब 8 सालों में दारू क्षेत्र में 6 पुल का निर्माण होने से खुला आर्थिक समृद्धि का द्वारः मनीष जायसवाल








**पुष्पांजली टुडे( आनन्द शाही)**

हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के दारू प्रखंड क्षेत्र का सघन दौरा किया और जन समस्याओं से रूबरू होते हुए क्षेत्र में कई विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। विधायक मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरुआत दारू चौक से की। दारू चौक पर विधायक मनीष जायसवाल के पहुंचते ही स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ गाजे-बाजे और ढोल ताशे के साथ फूल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। यहां से पदयात्रा करते हुए दारू खरिका गांव का भ्रमण किए। फिर कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ बाइक पर सवार होकर गड़ैया पुल पहुंचे। जहां ईरगा पंचायत स्थित दारू खरिका ग्राम स्थित कोनार नदी पर गड़ैया चोढ़ी पुल निर्माण का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर और नारियल फोड़कर किया। ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत करीब 4 करोड़ की लागत से यहां 5 स्पेन के पुल का निर्माण होगा। इस पुल के निर्माण होने दारू प्रखंड से चुरचू प्रखंड के कई गांव आपस में जुड़ जायेंगे। यहां ग्रामीणों के आग्रह पर श्मशान घाट का निरीक्षण कर जायजा लिया और ग्रामीणों से भूमि प्रतिवेदन बनाकर देने का आग्रह किया ताकि श्मशान घाट परिसर में शव दाह शेड सह चबूतरे का निर्माण किया जा सकें। यहां से हरली पंचायत स्थित ग्राम पेटो पहुंचे जहां ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) डीएमएफटी मद अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पेटो के सुदृढ़ीकरण कार्य का बतौर मुख्य अतिथि शिलापट्ट अनावरण कर और नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। करीब 1 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से यहां तीन यूनिट ट्रांजिट क्वार्टर, लेबर रूम, एम्बुलेंस शेड, चारदिवारी, पुराने अस्पताल भवन का जीर्णोद्धार और डिप बोरिंग सहित अन्य कई कार्य किया जाएगा। यहां स्थानीय पेटो ग्राम वासियों के आग्रह पर कोनार नदी पर पुल निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया।मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की क्षेत्र के विकास और जन जरूरतों को पूरा करना हमारा प्राथमिकता रहा है और इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रखंड क्षेत्र वासियों के आग्रह पर मैंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पेटो के कायाकल्प हेतु जिला प्रशासन से अनुरोध किया था। सुखद बात है की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पेटो के सुदृढ़ीकरण होने से क्षेत्र के लिए यह स्वास्थ्य केंद्र का भविष्य में वरदान साबित होगा। ज्ञात हो की विधायक मनीष जायसवाल के अथक प्रयास से आजादी के बाद पहली बार दारू प्रखंड क्षेत्र में पिछले करीब 8 सालों में ये छठा पुल का कार्य शुरू हो रहा है। इससे पहले 5 पुल का इस क्षेत्र में निर्माण हो चुका है। जिसमें बड़वार -मांगापट्टा पुल (कोनार नदी) पर, गड़ैया पुल दिगवार और ईरगा पंचायत के बीच कोनार नदी पर,सेवाने बुढ़वा महादेव पुल (बासोबार सेवाने नदी), सिवाने नदी पुल (झरपो से पेटो होते हुए दारू प्रखंड तक, पेटो-लरतांगो पुल (सेवाने नदी) पर पुल का निर्माण हो चुका है ।मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने खुशी जताते हुए कहा की पुलों के निर्माण से दारू प्रखंड क्षेत्र का आर्थिक समृद्धि का द्वार खुला है। यहां स्थित झूमरा बाज़ार इस जिले का सबसे बड़े बाजार में से एक है और झूमरा एवं दारू बाज़ार का कनेक्टिविटी इचाक और चुरचू क्षेत्र से बढ़ा है। निश्चीत रूप से दारू प्रखंड क्षेत्र के अलावे अन्य क्षेत्रों के लोगों का चहलकदमी यहां बढ़ने से बाजारों की रौनक बढ़ी है और यहां के व्यवसाई की आर्थिक स्थिति में भी इजाफा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है जो चलती रहती है लेकिन विकास के पैमाने को प्राथमिकता के आधार पर किए जाने से लोगों का जीवन स्तर भी ऊंचा उठता है और क्षेत्र में समृद्धि भी आती है। जीनगा में भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ रूद्र महायज्ञ, शामिल हुए सदर विधायकदारू प्रखंड स्थित ग्राम जिनगा में श्री श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा -सह-रुद्र महायज्ञ का शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरुआत हुआ। जिनगा शिव मंदिर से गाजे-बाजे और ढोल- ताशे के साथ भक्ति भाव में लीन होकर भगवा ध्वज और महावीरी पताका लहराते हुए कलश यात्री सेवाने नदी पहुंचे। यहां 751 कलश यात्रियों ने जल उठाकर पुनः जिनगा मंदिर पहुंचकर यज्ञ स्थल पर कलश स्थापित किया ।मौके पर कलश पूजन के दौरान नदी पर सदर विधायक मनीष जायसवाल विशेषरूप से शामिल हुए और फिर मंदिर प्रांगण में पहुंचकर आयोजकों का हौसला बढ़ाया। इस 7 दिवसीय महायज्ञ का समापन महाशिवरात्रि को विशेष पूजा-अर्चना के साथ होगा। इस दौरान कई हर दिन संध्या 7 बजे से भगवत कथा प्रवचन और 15 फरवरी को रात्रि जागरण का आयोजन होगा एवं 17 तारीख को विशाल भंडारे के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति होगी ।

**सदर विधायक ने तीन बहनों को भेंट किया आकर्षक लहंगा**-दारू प्रखंड क्षेत्र के दौरे के क्रम में सदर विधायक मनीष जायसवाल ने क्षेत्र की तीन बहनों को उनके शादी से पूर्व अपनी ओर से आकर्षक लहंगा भेंट किया। दारू खरिका निवासी कविता कुमारी, जिनगा निवासी दीपा कुमारी और अंजली कुमारी को उनके शादी से पूर्व लहंगा भेंट किया। ज्ञात हो की विधायक मनीष जायसवाल हजारीबाग क्षेत्र के जरूरतमंद बहन/बेटियों को उनके शादी से पूर्व पिछले साल से लगातर लहंगा भेंट करते रहे हैं। जिससे बहन बेटी अपने अरमान को पूरा कर सके और शादी के उपलक्ष्य में अच्छे लहंगे के जोड़े पर शादी को यादगार बना सकें ।

**मौके पर विशेष रूप से ये गणमान्य लोग रहे मौजूद**-प्रमुख श्वेता कुमारी, ईरगा मुखिया अनीता देवी, दिगवार मुखिया महेंद्र मुर्मू, हरली मुखिया फरजाना खातून, पंसस गीता देवी, पंसस महावीर यादव, विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, महिला विधायक प्रतिनिधि सोनी देवी, पूर्व प्रमुख के भैसुर प्रेम साव, भाजपा नेता रंजित सिन्हा, अशोक कुमार कुशवाहा, इंद्रदेव कुशवाहा, पूर्व मुखिया लक्ष्मी देवी,राम जी कुशवाहा, शैलेंद्र कुमार, अनिरुद्ध साव, रोहित साव, अशोक साव, शंभू साव, विकास यादव, जीतन कुमार, छोटन कुमार, नरेश कुमार, समाजसेवी फारूक अहमद, पिंकी देवी, प्रदीप राम, अरविंद कुमार, विकास यादव, निरंजन यादव, नागेश्वर महतो, जयप्रकाश कुशवाहा,मोहन प्रसाद, ठाकुर महतो, राजेंद्र राम, कंचन पंडित, कुंदन कुमार, छोटन कुमार, संजय कुमार, कमल कुशवाहा, रमेश कुमार, जागेश्वर प्रसाद, उमेश प्रसाद, तुलसी प्रसाद, महेश प्रसाद, विकी कुमार, अशोक ठाकुर, महेंद्र प्रसाद, श्यामसुंदर, वीरेंद्र कुमार यादव, राजेंद्र राणा, विकास कुमार, रवि कुमार, अशोक कुमार, बबलू राम, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य दर्जनों गणमान्य और सैकड़ों ग्रामीण जन मौजूद रहें ।



## सम्पादकीय

# बढ़ती ब्याज दरों का असर

रिजर्व बैंक ने चालू वित्तवर्ष के दौरान छठी बार अन्तर्बैंकिंग ऋण लेनद्देन की ब्याज दरें .25 प्रतिशत बढ़ा कर संकेत दिया है कि भारत की अर्थव्यवस्था वित्तीय कारकों के दबाव में है जिसकी वजह से मुद्रास्फीति की दरें थामे रखना जरूरी होगा। यह काफी दुष्कर कार्य है क्योंकि एक तरफ विकास वृद्धि दर को कम से कम 6.5 प्रतिशत बनाए रखने के लिए वित्तीय अर्थात रोकड़ा की सुलभता की जरूरत भी है और दूसरी तरफ इसे कम से कम लागत पर सुलभ कराने की जिम्मेदारी भी है। इस नाजुक सन्तुलन को तभी बनाए रखा जा सकता है जबकि अर्थव्यवस्था में माल के उठान का माहौल बने और औद्योगिक क्षेत्र के क्षमता उपयोग में भी वृद्धि भी हो। फिलहाल इस क्षेत्र का औसत क्षमता उपयोग 70 प्रतिशत माना जा रहा है मगर इसके बावजूद महंगाई दर को नीचे रखने के प्रयास इस प्रकार किए जा रहे हैं कि यह बैंक ब्याज दरों से ऊपर न निकल सके। सरकार ने अगले वित्त वर्ष 2023-24 का जो वार्षिक बजट 45 लाख करोड़ रुपये के लगभग का प्रस्तुत किया है उसमें उसकी सकल राजस्व व धन पावतियां केवल 23 लाख करोड़ रु. से ज्यादा की ही हैं। इस घाटे को पूरा करने के लिए वह 15 लाख करोड़ रु. के कर्ज बाजार से उठायेगी। यह कर्ज वह सरकारी बांड या प्रतिभूतियां जारी करके उठायेगी। इन प्रतिभूतियों पर सरकार को ब्याज की दरें कम से कम इतनी रखनी पड़ेंगी कि वे मुद्रास्फीति की दर से काफी ऊपर बनी रहें। इनके प्रति तभी आकर्षकता बनी रह सकती है जबकि ब्याज दरें निवेशकों को लुभाएं और वार्षिक हिसाब लगाने पर इन पर अच्छा प्रतिफल मिले। इसे देखते हुए बाजार में सोने की कीमतों को भी इस प्रकार नियन्त्रित रखना होगा कि वे भी मुद्रास्फीति की दर से ऊपर न निकल पाए, मगर डालर के लगातार महंगा होने की वजह से यह समीकरण गड़बड़ा सकता है। फिलहाल रुपये के मुकाबले डालर की विनिमय दर 82 रु. के करीब पहुंच चुकी है। इसका असर सोने की कीमतों पर पड़े बिना नहीं रह सकता। अतः बहुत स्वाभाविक है कि बैंक ब्याज दरें नए वित्तीय वर्ष में भी बढ़ाने के लिए भी रिजर्व बैंक को मजबूर होना पड़े नए वित्तीय वर्ष में स्वयं सरकार ही सबसे बड़ी कर्ज उठाने वाली संस्था होगी और इसे उठाए बिना उसका कार्य नहीं चल सकता, क्योंकि उसकी विभिन्न पूंजीगत व अन्य परियोजनाओं को लागू करने के लिए यह कर्ज जरूरी होगा अतः उसे खुद ही बाजार से ऋण प्राप्त करने के लिए निवेशकों या कर्जदाताओं को लुभाने के लिए बेहतर ब्याज देने के वादे करने होंगे। इसमें सबसे बड़ी भूमिका रिजर्व बैंक ही होगी, क्योंकि मुद्रास्फीति या महंगाई को संभालने के लिए मौद्रिक उपाय करना भी उसकी जिम्मेदारी है। ऐसा लगता है कि रिजर्व बैंक ने इसकी तैयारी अभी से करनी शुरू कर दी है और बैंक रेपो रेट या अन्तर्बैंकिंग ब्याज दरों में वृद्धि इस क्रम में समय पूर्व तैयारी है। जाहिर है इन बढ़ी ब्याज दरों का असर जमीन पर भी पड़ेगा, और वाणिज्यिक बैंकों से विभिन्न उपभोक्ताओं को मिलने वाला ऋण भी और महंगा होगा। अपेक्षाकृत महंगा ऋण देने का उल्टा असर बैंक में जमा करने वाले को भी मिलेगा और उनकी जमा धन राशियों पर भी ब्याज दर इसी अनुपात में बढेगी। इसका सीधा असर महंगाई या मुद्रास्फीति पर पड़ेगा। इस चक्रवृद्धि घेरे को तभी तोड़ा जा सकता है जबकि विकास वृद्धि की दर में इसे बांधे रखने की क्षमता हों।

# शिखर सम्मेलनों के आयोजन की चुनौती

> आगामी शिखर सम्मेलनों में हम दुनियाभर से कितने मुल्कों को साथ लाकर उच्चतम स्तर पर रचनात्मक और सामंजस्यपूर्ण सहयोग बना पाएंगे, यह भी हमारे कौशल और सामर्थ्य का इम्तिहान है। यह शिखर सम्मेलन अरुणाचल प्रदेश में चीन के साथ सैन्य तनातनी से बने तनाव वाले परिदृश्य के बीच होने जा रहे हैं।

इस साल भारत की विदेश नीति के नियामक और राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थान देश में शंघाई सहयोग संगठन और जी-20 गुट की शिखर वार्ता के आयोजन की वजह से काफी व्यस्त रहने वाले हैं। उन्हें बारीकी के साथ इन गुटों की शिखर वार्ता की तैयारी करनी पड़ेगी, जिसकी मेजबानी अगले महीनों में भारत करने जा रहा है। जी-20 शिखर सम्मेलन में उन देशों के नेता होंगे जिनका हिस्सा विश्व की जनसंख्या का दो-तिहाई है तो वैश्विक अर्थव्यवस्था का 90 फीसदी और वैश्विक व्यापार में 80 प्रतिशत है। भारत के राजनयिक इतिहास में 2023 सबसे जटिल और व्यस्त साल होगा। यह वक्त देश की प्रबंधन और संगठनात्मक क्षमता की परीक्षा की घड़ी भी है। आगामी शिखर सम्मेलनों में हम दुनियाभर से कितने मुल्कों को साथ लाकर उच्चतम स्तर पर रचनात्मक और सामंजस्यपूर्ण सहयोग बना पाएंगे, यह भी हमारे कौशल और सामर्थ्य का इम्तिहान है। यह शिखर सम्मेलन अरुणाचल प्रदेश में चीन के साथ सैन्य तनातनी से बने तनाव वाले परिदृश्य के बीच होने जा रहे हैं। चूंकि भारत के पास ऐसे अवसरों के आयोजन का रिवायती कौशल है, लिहाजा पूरी उम्मीद है कि दोनों शिखर सम्मेलन सामान्यतः निर्विघ्न पूरे होंगे। हालांकि कुछ बिंदु हैं, जिन्हें भारत को जहन में रखना होगा। भारत को सभी का पूर्ण समर्थन मिलेगा, चाहे यह जी-20 हो या क्वाड सदस्य। सनद रहे कि पाकिस्तान और चीन भी शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य हैं। फिलवक्त पाकिस्तान अपनी ढहती अर्थव्यवस्था को संभालने में व्यस्त है। उसको अफगानिस्तान से लेकर ईरान तक फैली 2600 किमी लंबी सीमा पर तालिबान शासित अफगानिस्तान द्वारा और तहरीक-ए-तालिबान ऑफ पाकिस्तान के घरेलू जिहादियों से भी गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मध्य एशिया की राह में अफगानिस्तान की सामरिक भौगोलिक स्थिति और अकूत खनिज स्रोतों के कारण चीन नजर जमाए हुए है, इसीलिए कट्टरवादी इस्लामिक तालिबान सत्ता से राब्ता रखे हुए, जबकि ठीक इसी समय उसके अपने वीगर प्रांत में असंतुष्ट मुस्लिमों के साथ रिश्ते बहुत तनावपूर्ण हैं। पाकिस्तान तो आगामी आम चुनाव में व्यस्त रहने के अलावा दरपेश अन्य समस्याओं में फंसा रहेगा। वहीं राष्ट्रपति शी जिनपिंग लगातार भारत के खिलाफ तेवर दिखा रहे हैं। चीन पाकिस्तान के साथ संयुक्त उपक्रम में बहुप्रचारित जेएफ-17 लड़ाकू विमान बनाने पर अपना ध्यान खास तौर पर केंद्रित किए हुए है और पाकिस्तानी नौसेना को भी मजबूत बना रहा है। बलूचिस्तान के ग्वादर बंदरगाह पर चीनियों की उपस्थिति बढ़ती जा रही है। किंतु पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था ढहने की कगार पर है, विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खत्म हो चला है। इसी बीच अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष विदेशी मदद का प्रवाह होने से पहले, पाकिस्तान से कड़ी शर्तें मानने पर जोर दे रहा है। यहां तक कि पाकिस्तान के सदा वित्तीय संकटमोचक रहे, दरियादिल मददगार सऊदी अरब और यूएई भी इस बार कह रहे हैं कि थैली का मुंह तभी खुलेगा जब पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा रखी शर्तों को पूरा करे। इसके अलावा, दुनियाभर में अनेक सरकारों का मत है कि जिस दलदल में आज पाकिस्तान फंसा हुआ है वह उसकी अपनी गलतियों और कोताहियों का नतीजा है। भारत में यह भावना व्याप्त है कि चीन के साथ रिश्तों में मौजूदा तनाव ज्यादातर शी जिनपिंग सरकार के जानबूझकर किए जाने वाले कृत्यों से पैदा हुआ है। यह सब बावजूद इसके कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग के कार्यकाल के आरंभ में भारत यात्रा के दौरान उनका दिली स्वागत किया गया था। इन परिस्थितियों के बीच, शंघाई इंस्टिट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज के लियु जोनगई द्वारा भारत की नीतियों पर किए बृहद आकलन को जानना रोचक होगा। लियु दक्षिण एशियाई देशों के विषय में चीन के सबसे बड़े विशेषज्ञों में एक हैं। वे भारत और पाकिस्तान घूम चुके हैं। उनके हालिया लेख- जिसने हमारे पड़ोसी मुल्कों की बौद्धिक जमात का भी ध्यान खींचा है- से पता चलता है कि भारत और इसकी नीतियों को लेकर चीन की सोच क्या है, लियु ने बेबाकी से इसका जिक्र किया है। चीन के वरिष्ठ अध्ययनवेत्ता अपनी बारी आए बिना मुंह नहीं खोलते। उनके लेख सत्तासीन वामपंथी दल एवं सरकार की सोच जानने का आसान जरिया होते हैं। लियु ने अपने अध्ययन में भारत की ह्यउभरती बड़ी ताकतह्न नीति को बहुमुखी बताया है। भारत के घरेलू राजनीतिक मामलों पर यह लेख हिंदू राष्ट्रवादिता के उद्भव पर केंद्रित रहा। आर्थिक विषय पर, उन्होंने भारत की मेक-इन-इंडिया नीति को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में चीन की जगह हथियाने का प्रयास बताया है। लियु के अनुसार, हिंद महासागर में अड्डे बनाना, भारतीय सैन्य बलों में एकीकरण को बढ़ावा और अंडमान-निकोबार द्वीपों सहित अंतर्राष्ट्रीय सीमांत क्षेत्र में बुनियादी ढांचा सुधारना, यह सब चीन को निशाना बनाकर किया जा रहा है। इसमें हिंद महासागर के छोटे टापुओं पर भारत द्वारा सैन्य अड्डों का निर्माण भी शामिल है। अपने निष्कर्ष में लियु कहते हैं ह्यइसलिए, भारत और चीन के बीच रार का सबसे बड़ा कारण सीमा संबंधी विवाद अब और अधिक नहीं रहा। तथ्य तो यह है कि सीमा का मुद्दा अब यंत्रवत ? प्रक्रिया बन चुका है। भारत के लिए, चीन के साथ सबसे बड़ा मसला अब क्षेत्रीय और वैश्विक व्यवस्था बनाने की होड़ में हाथ ऊपर रखने का है। यह लड़ाई भू-राजनीतिक है। भारत द्वारा जी-20 और क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी पर लियु कहते हैं आखिकार, जी-20 शिखर सम्मेलन चीन की सक्रिय भागीदारी के बिना सफल नहीं हो सकता।

# जज की नियुक्ति पर विवाद

आदित्य नारायण

एडवोकेट एल.सी. विक्टोरिया गौरी मद्रास हाईकोर्ट की जज बन ही गई। केन्द्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच न्यायाधीशों की नियुक्ति और कालेजियम के अधिकारों पर चल रही तनातनी के बीच केन्द्र ने कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट के लिए पांच जजों के नाम की सिफारिश मंजूर की थी और बाद में हाईकोर्ट के लिए 13 अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की मंजूरी दी जिनमें वरिष्ठ वकील विक्टोरिया गौरी का नाम शामिल था। दुर्भाग्यवश उनकी नियुक्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। उनकी नियुक्ति को लेकर मद्रास हाईकोर्ट बार के कई सदस्यों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए उनकी नियुक्ति का प्रस्ताव वापिस लेने की मांग की थी। उनकी नियुक्ति रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई। याचिका में भाजपा से उनके जुड़ाव और मुस्लिम ईसाई समुदाय के खिलाफ दिए गए बयानों का जिक्र किया गया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इन तर्कों को नहीं माना और गौरी की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जजों की नियुक्ति में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया और कहा कि नियुक्त व्यक्ति के राजनीतिक विचार की वजह से उसके जज बनने की पात्रता को नकारा नहीं जा सकता। विक्टोरिया गौरी तमिलनाडु महिला मोर्चा की संयोजक रही। उन्होंने कई तरह से बयान दिए। इसके बावजूद सितम्बर 2020 में मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ में भारत सरकार का सहायक महाअधिवक्ता बनाया गया। हालांकि उन्होंने यह पद स्वीकार करने से पहले भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। वकील के तौर पर किसी भी व्यक्ति का किसी राजनीतिक पार्टी से जुड़ना गलत नहीं है। अतीत में भी ऐसा होता आया है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस बी.आर. गवई ने स्पष्ट कहा कि जज के तौर पर कोर्ट से जुड़ने से पहले उनकी भी राजनीतिक पृष्ठभूमि रही है। लेकिन वह बीस साल से जज हैं और उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि कभी उनके रास्ते में नहीं आई। जस्टिस बी.आर. गवई रिपब्लिकन पार्टी के नेता आर.एस. गवई के परिवार से हैं। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि कई ऐसे मामले हैं जिसमें लोग राजनीतिक पृष्ठभूमि से आए और उन्हें नियुक्ति मिली और सुप्रीम कोर्ट विक्टोरिया गौरी से संबंधित मामले में फिर से विचार करने के लिए कॉलेजियम को निर्देश नहीं दे सकता। अतीत को देखें तो जस्टिस बी.आर. कृष्ण अय्यर का उदाहरण हमारे सामने है। वे कम्युनिस्ट थे लेकिन जज बनने के बाद एक विख्यात न्यायाधीश बने। इसी तरह जस्टिस के.एस. हेगड़े और जस्टिस बहारूल इस्लाम को जब हाईकोर्ट का जज बनाया गया था उस वक्त दोनों कांग्रेस के सांसद थे। किसी भी व्यक्ति का उसके अतीत के आधार पर आकलन करना गलत है। जब कोई भी न्यायाधीश की शपथ लेता है तो वह संविधान से बंध जाता है। किसी व्यक्ति के जज बनने की पात्रता एक चुनौती हो सकती है लेकिन यह उनके काम को संतोषजनक ढंग से निभाने की क्षमता पर निर्भर करता है। कई न्यायाधीशों को इसलिए स्थायी नहीं किया क्योंकि उनका काम संतोषजनक नहीं पाया गया था। भारत के न्यायिक इतिहास में कई फैसले विवादों के घेरे में आए हैं। सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों का राजनीतिक झुकाव, राज्यसभा की सदस्यता, उत्पीड़न के गंभीर आरोप ऐसे मुद्दों पर भी विवाद खड़े हुए हैं। लेकिन किसी जज की नियुक्ति के फैसले को रदद करने की मांग कम ही उठी है। 30 साल पहले ऐसा ही एक मामला सामने आया था, जब के.एन. श्रीवास्तव को गुवाहाटी हाईकोर्ट का जज बनाया गया था और उन्होंने इसकी शपथ भी ले ली थी। लेकिन तब बार के एक वर्ग ने इस नियुक्ति पर इस आधार पर आपत्ति जताई थी कि उन्होंने कभी वकील के रूप में अभ्यास नहीं किया और कभी न्यायिक कार्यालय नहीं संभाला। श्रीवास्तव भ्रष्टाचार के आरोपों में भी फंसे थे। तर्क यह था कि के.एन. हाईकोर्ट का जज होने के लिए संविधान के अनुच्छेद 217 के तहत निर्धारित मूल योग्यता को पूरा नहीं करते। श्रीवास्तव वास्तव में मिजोरम सरकार के कानून और न्यायिक विभाग में सचिव स्तर के अधिकारी थे और उस क्षमता में कुछ न्यायाधिकरणों और आयोगों के सदस्य थे। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने के.एन. श्रीवास्तव की नियुक्ति गुवाहाटी हाईकोर्ट में जज के रूप में शपथ लेने के बाद भी रद्द कर दी थी। अदालतें तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर फैसले करती हैं। अदालतों में भावनाओं के पोषण की कोई संभावना नहीं होती। न्यायाधीश की कुर्सी पर बैठकर उन्हें क्षीर विवेक करने की क्षमता और पारदर्शी न्याय का पैमाना हर समय कायम रखना होता है। यही वजह है कि भारत की न्यायपालिका ने एक नहीं बल्कि अनेक ऐतिहासिक फैसले दिए हैं। न्यायाधीशों के फैसलों में उनके राजनीतिक अतीत की झलक प्रतिबिम्बित नहीं होती। भारत के लोगों में न्यायपालिका की साख बनी हुई है। नए न्यायाधीशों पर अब महत्वपूर्ण जिम्मेदारी यह है कि न्याय को पारदर्शी बनाए रखें और पंच परमेश्वर की तरह न्याय करें। इसलिए विक्टोरिया गौरी की नियुक्ति पर विवाद को अनावश्यक ही कहा जाएगा।

> जब कोई भी न्यायाधीश की शपथ लेता है तो वह संविधान से बंध जाता है। किसी व्यक्ति के जज बनने की पात्रता एक चुनौती हो सकती है लेकिन यह उनके काम को संतोषजनक ढंग से निभाने की क्षमता पर निर्भर करता है। कई न्यायाधीशों को इसलिए स्थायी नहीं किया क्योंकि उनका काम संतोषजनक नहीं पाया गया था।

# स्वच्छता अभियान से ही स्वास्थ्य रक्षा

**बच्चों में एनीमिया या खून की कमी एक गंभीर समस्या है। शरीर में पोषक तत्वों की कमी रहती है। अन्य कारणों में इसका एक मुख्य कारण है- पेट के कीड़े, जिन्हें कृमि भी कहा जाता है। पेट के कीड़े परजीवी होते हैं, जो हमारे शरीर में रह कर शरीर से ही अपना पोषण पाते हैं।**

बच्चे किसी भी देश या समाज का भविष्य होते हैं। बच्चों का स्वास्थ्य और शिक्षा किसी भी देश की प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर होना चाहिए। लेकिन आंकड़ों को देखें तो बहुत से बच्चे एनीमिया का शिकार हैं। अभिभावक प्रायः शिकायत करते हैं कि उनका बच्चा बहुत कमजोर है। वह बहुत चिड़चिड़ा हो गया है और उसका पढ़ाई में मन नहीं लगता है। यह भी शिकायत रहती है कि बच्चे को खाया-पीया कुछ लगता नहीं है। कुछ बच्चे देखने में तो थुलथुल या मोटे हो सकते हैं, लेकिन उनमें खून की कमी पाई जाती है। बच्चों में एनीमिया या खून की कमी एक गंभीर समस्या है। शरीर में पोषक तत्वों की कमी रहती है। अन्य कारणों में इसका एक मुख्य कारण है- पेट के कीड़े, जिन्हें कृमि भी कहा जाता है। पेट के कीड़े परजीवी होते हैं, जो हमारे शरीर में रह कर शरीर से ही अपना पोषण पाते हैं। गोल कृमि (एस्केरिस), फीता कृमि, हुकवर्म, लिवेरफ्लूक, पिन कृमि, फाइलेरिया कृमि आदि सभी प्रकार के कृमि परजीवी हैं जो जीवों के शरीर में रह कर अपना पोषण करते हैं और फलस्वरूप बच्चों को बीमार कर देते हैं। एक अनुमान के अनुसार दुनिया की आबादी का 150 करोड़ से अधिक या कुल आबादी का करीब 24 फीसदी भाग कृमि संक्रमित है। इनमें 83 करोड़ से अधिक बच्चों को परजीवी कृमि संक्रमण का जोखिम है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में 24 करोड़ से अधिक बच्चे परजीवी आंत्र कृमि से पीड़ित हैं। पेट में कृमि होने की अवस्था में बच्चे जो भी पोषाहार ग्रहण करते हैं, उसका फायदा बच्चों को नहीं मिल पाता है। पोषाहार का सारा रस कृमि चूसते रहते हैं और बच्चे के शरीर को कोई फायदा नहीं होता है। आंतों से चिपके भिन्न-भिन्न प्रकार के कीड़े खून भी चूसते रहते हैं, जिससे बच्चों में खून की कमी हो जाती है। उनका किसी भी काम में मन नहीं लगता है। पेट में कीड़े होने के कारणों पर नजर डालें तो अस्वच्छता इसका मुख्य कारण है। हमारे आसपास का अस्वच्छ वातावरण पेट में कीड़े जाने का मुख्य कारण है। अस्वच्छता के चलते कृमि हमारी त्वचा या खाने के जरिये पेट में जाते हैं। खुले में रखे खाने पर बैठी मक्खियां उसकी वाहक बनती हैं। गंदे बर्तनों और गंदे वातावरण में बना खाना खाने पर पेट में कृमि पैदा हो सकते हैं। खाना खाने से पहले हाथ नहीं धोना भी इसका मुख्य कारण बन सकता है। खुले में मल त्याग, भोजन से पहले हाथों का अच्छे से न धोया जाना, सब्जी फलों को बिना धोये खाना, नंगे पैर चलना, दूषित जल पीना, भोजन को ढक कर न रखना आदि बहुत से कारण हैं जिस वजह से इन कृमियों के अंडे मानव शरीर में पहुंच जाते हैं। जीवों के मल के साथ इनके अंडे शरीर के बाहर आते हैं और फिर विभिन्न माध्यमों से अन्य लोगों के शरीर में पहुंच जाते हैं। कृमि से बचने के लिए स्वच्छता अपनाना सबसे जरूरी है। वातावरण की स्वच्छता और स्वच्छ पानी पीने से कृमि से बचा जा सकता है। बाजार में खुले में रेहड़ियों पर बिकने वाला जंक फूड भी बच्चों की खाने की आदतों को खराब कर रहा है। ऐसे सभी प्रकार के खुले में बिकने वाले खाने से परहेज करना चाहिए। कृमि मुक्ति के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जा रहा है। स्कूल अध्यापकों और आंगनवाड़ी कार्यकताओं के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग 1-19 वर्ष तक के सभी बच्चों व किशोरों और 20 से 24 वर्ष की सभी महिलाओं, जो गर्भवती न हों और स्तनपान न करवा रही हों, को कृमि मुक्त करना चाहता है। कृमि मुक्ति दिवस पर इस लक्ष्य समूह को कृमिनाशक एलबेंडाजोल की गोली दी जाएगी। 10 फरवरी को जो बच्चे किसी कारण से रह जाएंगे, उन्हें मॉप अप अभियान के तहत 17 फरवरी को एलबेंडाजोल दी जायेगी। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, एएनएम, एमपीएचडब्ल्यू और आशा वर्कर द्वारा अध्यापकों और आंगनवाड़ी कार्यकताओं के सहयोग से चलाया जाने वाला यह अभियान तभी पूर्णतः सफल होगा, जब इसके बारे में जन-जन जागरूक होगा। अभिभावकों द्वारा बच्चों को भी दवा लेने के प्रति जागरूक किया जाएगा। बचपन में तो स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों के स्कूल में आने पर ही टीके के डर से बच्चों की रूहें कांपने लगती थीं। बच्चों को टीके का डर सताने लगता था। आज भी चिकित्सकों द्वारा दी जाने वाली अत्यंत आवश्यक दवाई के बारे में बच्चों में कई तरह की आशंकाएं पाई जाती हैं। अध्यापकों द्वारा दी जाने वाली एलबेंडाजोल व कैल्शियम की बेहद महत्वपूर्ण गोलियों को भी कुछ बच्चों द्वारा फेंक दिया जाता है। अधिकतर राज्यों में कृमि मुक्ति अभियान दो बार चलाया जाता है। एलबेंडाजोल की टेबलेट से कुछ बच्चों के पेट में दर्द हो सकता है, तो इसका मतलब यही है कि उस बच्चे को इस दवा की सबसे ज्यादा जरूरत है।



# प्राण प्रतिष्ठा का प्रथम वर्षगांठ महोत्सव संपन्न

पुष्पाजंली टुडे

पाली .सोजत गागुड़ा गांव में आईमाता मंदिर (बडेर) प्राण प्रतिष्ठा का प्रथम वर्षगांठ व ध्वजारोहण महोत्सव सीरवी समाज बंधुओ के सान्निध्य में धूम धाम से मनाया गया।प्रेस जारी विज्ञप्ति में रतनलाल सोलंकी ने बताया की प्राण -प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस महोत्सव में बेल रथ एंव धर्मगुरू दीवान माधवसिंह का भव्य बधावा किया गया।महोत्सव में गाजे बाजों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। महोत्सव के तहत लाभार्थी परिवार द्वारा पटद्वार खोला गया।मंदिर को फूलों से सजाकर माताजी का भव्य रूप से श्रृंगार किया गया। श्री आईमाताजी के ध्वजा सचिव नेकाराम गहलोत द्वारा मंदिर के मुख्य द्वार से गाजे बाजे के साथ नाचते -गाते हुए ज्योत श्री आईमाताजी मंदिर में लाई गई लाभार्थी



परिवार द्वारा ध्वजा चढ़ाई गई। महोत्सव में आईमाताजी के नाम भव्य विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया।जिसमें गणेश वंदना के साथ छेतानसिंह एण्ड पार्टी ने शुभारंभ किया।राजस्थानी अंदाज में भजन प्रस्तुत किये।समाज बंधुओ ने देर रात तक नाचते गाते इसका लाभ लिया । महोत्सव में पधारे समाज बंधुओ व भक्तों के लिए महाप्रसादी की व्यवस्था की गई। कोटवाल छेलाराम हाम्बड़ जमादारी कुनाराम बर्फा अध्यक्ष रतनलाल सोलंकी सचिव नेकाराम गहलोत ने समाज बंधुओ को प्रथम वर्षगांठ की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर समाज की संस्थाओं के पदाधिकारियों व अतिथियों का राजस्थानी साफा पहनाकर स्वागत किया गया । इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष थानाराम सोलंकी उपाध्यक्ष नारायणलाल सोलंकी सह-सचिव रतनलाल गहलोत, नवयुवक मंडल अध्यक्ष रमेश कुमार हाम्बड़ सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे

# अम्बाह नवागत थाना प्रभारी बिनय यादव ने कार्य भार संभाला...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह**...थाना के नए थाना प्रभारी शुक्रबार की शाम को आकर अपना पदभार संभाल लिया। इस दौरान सुबह पुलिस गढना के बाद मीडिया से उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण और सभी को सुरक्षा उनकी प्राथमिकता होगी। कहा कि छोटी घटनाओं पर भी गंभीरता से कार्य होगा। टीआई पद संभालने के कुछ देर बाद ही अपने पुलिस स्टाप से मुखातिब हुए। कहा कि अपराधों पर नियंत्रण उनकी सबसे पहली प्राथमिकता है। शासन के जो दिशा निर्देश है उनका पालन किया जाएगा। कहा कि छोटी-छोटी घटनाएं ही बड़ा रूप धारण करती हैं। इसलिए सभी घटनाओं पर गंभीरता से काम होगा।

**मुरैना में सबसे अधिक रही तैनाती**-नवागत थाना प्रभारी मूलतः ग्वालियर जिले के निवासी हैं। ग्वालियर से स्नातक से स्नातक की डिग्री हासिल की। इसके बाद पुलिस सेवा में 2007 में आए। वे बतौर मुरैना में पीएसआई रहते हुये नगरा सिहैनियाँ पहाडगढ और



रामपुर में भी रहे। मुरैना में टीआई के रूप में यह उनकी तीसरी तैनाती है। इसके अलावा सिबिल लाइन नूराबाद अम्बाह में क्राइम जैसी स्थिति होने से उनकी तीसरी पोस्टिग है

# चौकी रजौधा पुलिस द्वारा खनन माफिया से एक अवैध खण्डो से भरा ट्रैक्टर ट्रॉली सहित जप्त कर कारबाही



**केशब पंडित जी अम्बाह...**

अधीक्षक अशुतोष बागरी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरियाँ के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी अम्बाह परिमाल सिंह मेहरा के मार्गदर्शन में अवैध खनन परिवहन की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान दिनांक 11-02-2023 को चौकी रजोधा पुलिस ने मुखबिर सूचना पर से औरठी तिराहे से एक अवैध खण्डो से भरी ट्राली मय महिन्द्रा 575 डीआई ट्रैक्टर कुल मसरूका कीमती करीबन 7,05,000/- रूपये को पकड़कर जप्त किया गया व आरोपी का धारा 41 ए जा.फौ. के नोटिस पर पाबंद कर छोड़ा गया। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 379,414 ताहि 4ए, 21 (1) खान और खनिज विनियम एवं विकास अधिनियम एवं 18 (1) म.प्र. खनिज अवैध खनन परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2006 के तहत दण्डनीय पाया जाने से आरोपी के विरुद्ध उक्त धारा का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

**सराहनीय भूमिका**-सट्टेबाजी आरक्षक 473 राजकुमार गुर्जर, आरक्षक 819 सोनू यादव, आरक्षक 556 बीरसिंह की निचली भूमिका में चौकी चौकी जोखिम रजोधा

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की दो दिवसीय कार्यकारिणी बैठक प्रारंभ





अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी बैठक सारनाथ स्थित तिब्बत उच्च अध्ययन संस्थान में प्रारंभ हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए परम पूज्य ज्ञान वत्सल स्वामी ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों का आह्वान किया कि उन्हें आदर्श नागरिक तैयार हो इस भावना से कार्य करना होगा। शिक्षा के साथ सद्गुण भी सिखाया जाए। विज्ञान के साथ आध्यात्म भी चाहिए उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चर्चा करते हुए कहा कि हमें श्रवण, प्रहलाद, नचिकेता, और ध्रुव के बारे में अपने बालकों को अवश्य बताना क्यों कि बच्चों में संस्कार नहीं होगा तो हमारी संपत्ति और संतति अक्षय नहीं रह पाएगी। उन्होंने कहा कि मेरा ज्ञान, मेरा विज्ञान, मेरी कला, मेरी बुद्धि, मेरा अनुभव मेरे राष्ट और समाज के हित में उपयोगी हो। शिक्षा का हृदय, हृदय की शिक्षा होती है। इस अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष प्रो. जगदीश प्रसाद सिंघल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सुनील भाई मेहता, अखिल भारतीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर,सह संगठन मंत्री जी.लक्ष्मण, शिक्षा संवर्ग के प्रभारी महेंद्र कुमार तथा महामंत्री शिवानंद सिंदनकेरा के साथ देशभर से अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं संबद्ध संगठनों के अध्यक्ष महामंत्री संगठन मंत्री महिला मंत्री आदि उपस्थित रहे।सभी संबद्ध संगठनों के अध्यक्ष,महामंत्री ने अपने अपने राज्य में उनके द्वारा आयोजित किए गए महत्वपूर्ण कार्यक्रम और गतिविधियों की जानकारी दी।

# अ भा युवा पाल महासभा में बंटी जिला उपाध्यक्ष और विजय जिला सचिव मनोनीत



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** अखिल भारतीय युवा पाल महासभा के राष्टीय अध्यक्ष शैतान सिंह पाल के आदेशानुसार एवं युवा राष्टीय अध्यक्ष जीवन सिंह पाल एवं प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह पाल के निर्देशन में और युवा प्रदेश अध्यक्ष रामशेष बघेल, महामंत्री प्रो. सौरभ बघेल जिलाध्यक्ष राजबीर बघेल की सहमति से भिण्ड इकाई के जिला उपाध्यक्ष श्री बंटी बघेल एवं विजय बघेल को जिला सचिव बनाया गया।पद मिलने पर दोनों नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष और विजय बघेल ने कहा की ये जिम्मेदारी हमें दी गयी है हम पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन करते हुये समाजिक रूप रेखा बनाने एवं उसमें भरपूर सहयोग प्रदान करेंगे द्य इस नियुक्ति पर भिण्ड शहर के समाजिक बन्धुओ ने हर्ष व्यस्त किय

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा नगर अध्यक्ष सद्दाम खान ने कार्यकारिणी घोषित की

रीतेश अवस्थी

पुष्पांजली टुडे

दमोह। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा जी एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रफत वारसी की अनुमति व भाजपा जिला प्रभारी अभिलाष पाण्डेय, जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह, दीनदयाल मण्डल अध्यक्ष कृष्णा राज,अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष इंतखाब बेग कि अनुंशसा पर अल्पसंख्यक मोर्चा मण्डल दीनदयाल नगर अध्यक्ष सद्दाम खान ने अपने मण्डल की कार्यकारिणी कि घोषणा की। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों में नगर अध्यक्ष सद्दाम खान, नगर उपाध्यक्ष तमशील शाह, आरिफ खान, नगर महामंत्री फीरोज शेख, सैफ खान, नगर मंत्री वशीम अकरम, शहजाद कुरैशी, कार्यालय मंत्री आरिफ मिर्जा, नगर कोषाध्यक्ष अब्दुल शहीद, मीडिया प्रभारी शरीफ सिद्दीकी, सहमीडिया प्रभारी निजाम खान, सदस्य आसिफ खान, साजिद खान, शकूर खान, लतीफ कुरैशी, गुलाम रसूल, जावेद खान, सुहेल खान, शाहरूख खान, शहवाज खान, जावेद खान को नियुक्त किया गया

# जिला न्यायालय भिण्ड में नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

**पंकज त्रिपाठी**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार दिनाक 11 फरवरी 2023 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन माननीय अक्षय कुमार द्विवेदी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड के निर्देशानुसार एवं सुनील दण्डतिया जिला न्यायाधीश / सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड के मार्गदर्शन में किया गया। श्री अक्षय कुमार द्विवेदी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्जवलित कर नेशनल लोक अदालत का औपचारिक शुभारंभ ए.डी. आर. भवन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर भिण्ड में किया गया। नेशनल लोक अदालत के शुभारंभ के अवसर पर देवेन्द्र कुमार मिश्र विशेष न्यायाधीश,लखनलाल गर्ग प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय भिण्ड, सुनील दण्डोतिया जिला न्यायाधीश




सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड जिला न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण सौरभ कुमार दुबे जिला विधिक सहायता अधिकारी भिण्ड, अभिभाषक संघ भिण्ड के प्रतिनिधिगण विभिन्न विभागों के अधिकारीगण न्यायालय कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला मुख्यालय भिण्ड एवं न्यायिक वहसील मेहगाव, गोहद एवं लहार हेतु कुल 33- न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया था जिनमें सुलहकर्ता सदस्य के रूप मे नामित अधिवक्तागणों द्वारा अभूतपूर्व सहयोग प्रदान किया गया जिसके फलस्वरूप जिला मुख्यालय भिण्ड एवं तहसील मेहगांव, गोहद एवं लहार में लंबित कुल न्यायालयीन प्रकरण संख्या 518 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें कुल 1168 पक्षकार लाभान्वित हुए तथा राशि 13661547/ (एक करोड़ छत्तीस लाख इकसठ हजार पाँच सौ सेतालीस रूपये मात्र ) रूपये का अवार्ड पारित किया गया। उक्त प्रकरणों के अतिरिक्त प्रीलिटिगेशन जिनमें जलकर सम्पत्तिकर, विद्युत बी.एस.एन.एल. बैंक आदि के कुल प्रीलिटिगेशन प्रकरण संख्या 919 का निराकरण किया गया, जिसमें 1003 व्यक्तियों को लाभांवित किया गया तथा उक्त प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में कुल 2179953/- रूपये (इक्कीस लाख उन्यासी हजार नौ सौ तिरेपन रुपये मात्र) राशि वसूल की गई। वर्ष 2023 की प्रथम नेशनल लोक अदालत में गठित खण्डपीठ द्वारा कई मामलों में पक्षकारों के मध्य आपसी कटुता को समाप्त करते हुये दोनो पक्षी को मिलाने का कार्य किया गया तथा सफल प्रकरणों में पक्षकारों को पौधे भेंट कर उन्हें जीवन में विवाद को समाप्त करने तथा शांतिपूर्वक सुखी एवं समृद्ध जीवन व्यतीत करने की सलाह भी दी गयी।

# विकास यात्रा में विधायक ने किया कई ग्रामों में लोकार्पण एवं शिलान्यास

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**

**अभिषेक कुशवाह**



सिरोंज /कुरवाई पथरिया मंडल में तीसरे दिन विकास यात्रा रजाखेड़ी से प्रारंभ होकर कई ग्राम से होते हुए देहरी में समापन हुआ बही यात्रा का जगह जगह ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया बही विकास यात्रा में विधायक हरि सपरे ने कहा की मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री त्रीथदर्शन हवाई जहाज से कराएंगे एवं बहुत जल्द ही महिलाओ के खाते में एक हजार रुपए महीना आयेगा बही विधायक द्वारा कई ग्रामों में रोड की समस्या की मांगों को जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया एवं पटवारी सचिव रोजगार सहायक को ग्राम में घर घर जाकर पत्र हितग्राहियों की लिस्ट बनाकर लाभ दिलाने की बात कही पूर्व मंत्री रघुवीर सिंह सूर्यवंशी का संबोधित करते हुए कहा कि कुछ साल पहले कांग्रेस की सरकार बनी थी जिसमे लोगों के काम न होने के कारण श्रीमंत नाराज हो गए एवं कांग्रेस की सरकार छोड़कर भाजपा में श्रीमंत सिंधिया जी ने भाजपा की सरकार बनवाई एवं इस सरकार में जो काम हो रहा है उससे हम सभी संतुष्ट हैं आगे भी इस प्रकार के कार्य होते रहे बही कार्यक्रम को ,यात्रा प्रभारी विनोद जैन भाजपा नेता विक्रम सिंह रघुवंशी ने भी संबोधित किया इस दौरान मंडल अध्यक्ष राकेश रघुवंशी एसडीएम प्रवीण प्रजापति अतिरिक्त तहसीलदार रमेश मेहरा जी पूर्व मंडल अध्यक्ष भगवत सिंह रघुवंशी बनवारी लाल साहू जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भगत सिंह रघुवंशी जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधी राकेश शर्मा महामंत्री अरविंद रघुवंशी युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित साहू शिवराज सूर्यवंशी दीपक रघुवंशी सतपाल राजपूत एई आरके दुबे सहित सभी ग्राम पंचायतों के सचिव हल्का पटवारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे

# राज्य स्तरीय विज्ञान मेले में फोफसा विद्यालय के छात्र हर्ष बावनथड़े का चयन




**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

जिला स्तरीय विज्ञान मेले का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में आयोजित किया गया था। जिसमें जिले से समस्त विकासखण्ड के छात्र छात्राओं ने प्रतिभागिता ली। इस विज्ञान मेले में विकासखण्ड लांजी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी संकुल अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला फोफसा की कक्षा सातवीं के छात्र हर्ष पिता राजेश बावनथड़े के द्वारा जिला स्तरीसय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभागिता कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसके चलते छात्र हर्ष बावनथड़े का राज्य स्तरीय विज्ञान मेले मे चयन हुआ है। चयनित जिला परियोजना अधिकारी टीआर मेश्राम व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डी आर गजबे, प्राचार्य एस आर घोरमारे, बी आरसी शिवेन्द्र उके, बीएसी, सीएसी तथा शाला के प्रधानपाठक एम डी मेश्राम, शिक्षक एम के ढोक, सी बी जीवतोड़े, सुलोचना बावनथड़े, यशोदा चौधरी, प्रियंका सोनवाने, एके वैद्य, एसएस सी अध्यक्ष मुरलीधर बावनथड़े, सरपंच शिवशंकर चौधरी, सदस्य गण, अभिभावको एवं ग्रामीणों ने शाला परिवार एवं छात्र को राज्य स्तरीय विज्ञान मेले मे चयनित होने पर बधाई प्रेषित की है।

## आलमपुर के गांगेपुरा में ग्रामीण को शास.शिक्षकों की शिकायत करना पड़ा महंगा

# शिक्षकों ने ग्रामीण को विद्यालय में किया बन्द कर की मारपीट,नेता प्रतिपक्ष बोले कार्यवाही होनी चाहिए

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

**दबोह-** भिण्ड जिले की लहार तहसील के आलमपुर थानान्तर्गत आने वाले गांगेपुरा गांव के एकीकृत शासकीय हाईस्कूल में शनिवार दोपहर को ग्रामीण और शिक्षकों के बीच जमकर विवाद और मारपीट हुई।जिसके बाद शिक्षकों ने ग्रामीण को विद्यालय में बंद कर दिया।जानकारी के अनुसार गांगेपुरा निवासी रविन्द्र पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता कुछ माह पहले गांगेपुरा एकीकृत शासकीय हाईस्कूल की अव्यवस्थाओं की शिकायत करने पहुंचे था,जिसके बाद विद्यालय के शिक्षक का अभिभावकों के साथ गाली-गलौच करने का ऑडियो भी वायरल हुआ था।जिसमे विद्यालय के शिक्षक रविंद्र से गाली गलौच करते हुए धमकी दे रहे थे।इसके बाद बीते माह जनवरी में ग्रामीण रविंद्र द्वारा नेता प्रतिपक्ष व लहार विधायक डॉ.गोविंद सिंह को गांगेपुरा के एकीकृत विधालय की अव्यवस्थाओ के लिए शिकायती पत्र लिखा गया था जिसके एवज में नेता प्रतिपक्ष ने 16 जनवरी 2023 को भिण्ड कलेक्टर के एक पत्र जारी कर शिक्षकों द्वारा बरती जा रही लापरवाही व पालको के साथ अभद्रता करने की बात कहकर जांच कर दोषियों के खिलाफ जांच करने की बात कही थी।वहीं उन्होंने विद्यालय की अनिमितताओं के चलते भिण्ड कलेक्टर को सामूहिक रूप से भी शिकायत की थी।जिसके परिणाम स्वरूप शिकायत से बौखलाये शिक्षकों व रविंद्र गुप्ता के बीच शनिवार लगभग 11:00 बजे जमकर मारपीट हुई।जिसके बाद आलमपुर पुलिस को सूचना दी गयी।मौके पर पहुंची आलमपुर थाना पुलिस ने ग्रामीण को बाहर निकाला और दोनों पक्षों को आलमपुर पुलिस थाने लेकर आयी।वहीं इस मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय के शिक्षक और चपरासी बाहर से रविन्द्र गुप्ता को पकड़कर अंदर ले गये और उसके साथ मारपीट कर उसको कमरे में बंद कर दिया।

**नेता प्रतिपक्ष ने कलेक्टर को लिखा था पत्र**-मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने विगत 16 जनवरी 2023 को भिण्ड कलेक्टर को पत्र लिखकर गांगेपुरा के एकीकृत शासकीय हाईस्कूल में शिक्षकों द्वारा बरती जा रही घोर लापरबाही एवं पालकों के साथ की जा रही अभद्रता की जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिये कहा था।



**दोनों पक्षों पर हुआ मामला दज**-गांगेपुरा के एकीकृत शासकीय हाईस्कूल में ग्रामीण रविन्द्र गुप्ता और शिक्षकों के बीच हुई मारपीट के बाद दोनें पक्षों पर मामला दर्ज कर दिया गया है7शिक्षक रमेशचंद्र माहौर की शिकायत पर रविन्द्र पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता के खिलाफ धारा 186, 353, 294, 323, 506, 3(1)(द), 3(1)(घ), 3(2)(1इ) के तहत मामला दर्ज किया गया है7वहीं गांगेपुरा निवासी रविन्द्र पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता की शिकायत पर शिक्षक रमेशचंद्र माहौर, कमलेश रायकवार एवं भृत्य अनूप शर्मा के विरुद्ध धारा 427, 323, 294, 506,94 के तहत मामला दर्ज किया गया है7

**पूर्व में भी विवादों मे रहा है विद्यालय**-गांगेपुरा का एकीकृत शासकीय हाईस्कूल पूर्व में भी विवादों में रहा है।विद्यालय के ही शिक्षक रमेशचंद्र माहौर द्वारा पूर्व में आलमपुर के तीन पत्रकारों के विरुद्ध झूठा मामला दर्ज करवाने का आवेदन आलमपुर पुलिस थाने में दिया था।जो कि बाद में झूठा साबित हुआ था और पुलिस भी मामला दर्ज नही कर पायी थी7उस मामले में भी भृत्य अनूप शर्मा गबाह के रूप में शामिल थे।

**हम किसी ने नही डरते आलमपुर के हैं हम**-बीते 2 माह पहले जब ग्रामीण रविंद्र गुप्ता अपने बच्चों को विद्यालय छो?ने गए थे तब वहां पर अनिमितताओं को देख शिक्षकों से उनकी बहस हो गई थी जिसके वायरल ऑडियो में विद्यालय में पदस्थ शिक्षक साफ साफ ग्रामीण से गाली गलौच करते हुए सुने जा सकते है।वहीं वह ऑडियो में ग्रामीण को यह नही कहकर धमका रहे थे कि तुझे जो करना है करले ?टो खींचना है खींच ले हम आलमपुर के है हम किसी से नही डरते हैं आदि कहा था।फिलहाल तो शिक्षको का बच्चों के पालको से इस तरह का व्यवहार करना एक शिक्षक को शोभा नही देता है।सूत्रों की माने तो शनिवार को विद्यालय में हुआ वाकया पूर्ण रूप से तैयार किया गया जिसमें विद्यालय की शिकायत करने की सजा ग्रामीण रविंद्र को मिली।

**इनका कहना है**

**इस मामले में मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविन्द सिंह ने उक्त प्रकरण पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा है कि शिक्षकों के द्वारा अगर अगर अनुशासनहीनतापूर्ण कृत्य कर ग्रामीण के साथ मारपीट की गयी है तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिये।**

# जन्म से लेकर देवलोक गमन तक के लिये भाजपा सरकार ने लाई है योजनाऐं : रमेश भटेरे भाजपा जिलाध्यक्ष

## रमेश भटेरे के नेतृत्व में विकास यात्रा पंहुची भिमोडी, बोलेगांव, डोरली, बेनेगांव, टेडवा

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

5 फरवरी से मध्यप्रदेश सरकार की विकास गाथा विकास यात्रा के रूप में विकासखण्ड लांजी के गांव गांव तक पंहुच रही है। इस विकास यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के द्वारा किया जा रहा है जो कि पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक अधिकारीयों कर्मचारियों के साथ विकास यात्रा लेकर चल रहे है साथ ही जनता से मिलकर उन्हे सरकार की योजनाओं एवं क्रियान्वयन की जानकारी दे रहे। इसी क्रम में 11 फरवरी को विकास यात्रा लांजी अनुभाग के ग्राम पंचायत भिमोडी, बोलेगांव, डोरली, बेनेगांव, टेडवा पहुंची। इस यात्रा में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे, जिला पंचायत सीईओ विवेक कुमार, दुलीचंद राजनीरे, विजय खेरे, हिराचंद आसटकर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, सीताराम रावते, अशोक बापूरे, पुरूषोत्तम अस्तने, ताराचंद कालबेले, श्रीमती रेखा कालबेले, श्रीमती चित्रलेखा अस्तने सरपंच, श्रीमती प्रतिमा भारद्वाज सरपंच, सहित प्रशासनिक अमले से श्रीमती ज्योति ठाकुर एसडीएम, तहसीलदार सतीश चौधरी, सीईओ रंजीत सिंह ताराम, डी आर गजबे बीईओ, दुर्गेश चौहान सहायक अभियंता, श्रीमती पदमावती परते महिला एवं बाल विकास अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी अनुभाग लांजी, आजीविका मिशन की दीदीयॉ, समूह, आजीविका के अधिकारी कर्मचारी गण, एरिकेशन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उक्त सभी ग्राम की जनता प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

जन्म से लेकर देवलोक गमन तक के लिये भाजपा सरकार ने लाई है योजनाऐं - रमेश भटेरे भाजपा **जिलाध्यक्ष**-भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे उक्त ग्रामो मे विकास यात्रा लेकर पंहुचे जहां आपने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज मोदी सरकार एवं शिवराज सरकार ने आपके लिये जब बच्चे के जन्म से लेकर देवलोक गमन तक के लिये योजनाऐं लाई है हम आज उन विकास गाथा का बखान करने आपके बीच आये है। आज सोचिये क्या नही किया आप लोगो के लिये, घरो मे नल जल योजना के माध्यम से पानी, किसानो को 10 हजार रूपये सालाना, 12 वीं मे 80 प्रतिशत प्राप्त करने वाले बेटी बेटा




को 25 हजार लैप टॉप के लिये, जो भी उच्च शिक्षा करना चाहता है। राजीव गांधी जी कहते थे कि हम दिल्ली से 1 रूपये भेजते है तो आपके पास 15 पैसे ही पंहुचते है, लेकिन जब से मोदी जी की सरकार आई है आपको आपके खाते मे सीधे पैसे पंहुच जाते है बिचौलियो का सवाल ही पैदा नही होता। लाडली लक्ष्मी योजना जिसमे बेटीयो को करीब 1 लाख 43 हजार रूपये मिलेंगे और अब लाडली लक्ष्मी योजना के बाद आप बहनों के भाई शिवराज लाडली बहना योजना लेकर आ रहे है आगामी 8 मार्च महिला दिवस के दिन आपके फार्म भराये जायेंगे एवं आने वाली रक्षाबंधन से आपके भाई शिवराज सिंह चौहान आप बहनो के खातो में प्रतिमाह 1 हजार रूपये प्रदान करेंगे मतलब 12 हजार रूपये साल एवं किसान भाईयो को 10 हजार रूपये साल मतलब आपके घर मे 22 हजार रूपये साल के मोदी एवं शिवराज सरकार के द्वारा प्रदाय किया जायेगा। इसके अतिरिक्त आज आजीविका मिशन के माध्यम से हमारी स्व सहायता समूह की दीदीयॉ भारत देश के आत्मनिर्भर भारत को चरितार्थ कर रही है। इसी कडी मे आपने ग्रामो के विकास कार्यो को भी जनता के समक्ष रखा प्रत्येक ग्राम पंचायत मे कितने विकास कार्य हुये है उनकी जानकारी विस्तार से जनता के समक्ष रखी।

**लाभान्वित हितग्राहियो को प्रदान किये प्रमाण पत्र**-मंचासीन कार्यक्रम के पश्चात प्रत्येक ग्राम में लाभान्वित हितग्राहियो को उनके पात्रता अनुसार प्रमाण पत्र प्रदान किये गये जिनमे, बैंक सखी, सीसीएल, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन योजना, बच्चो को जाति प्रमाण पत्र, लाडली लक्ष्मीयोजना, मिनाक्षी तालाब स्वीकृत, सहित ग्राम की अनेक योजनाओ के तहत लाभान्वित एवं पात्र हितग्राहियो को पात्रता पत्र प्रदान किया जाकर सम्मानित किया गया। अंत चरण में ग्रामो मे अनेको ग्रामीण एवं महिला बहनो के द्वारा अन्य कार्यो के लिये भी रमेश भटेरे से चर्चा की जो कि रमेश भटेरे के द्वारा तत्काल ही प्रशासनिक अधिकारियो से कहकर कार्यक्रम स्थल पर ही कुछ निराकरण किये गये एवं कुछ के लिये जल्द ही किये जाने की बात प्रशासनिक अधिकारियो के द्वारा कहा गया। साथ ही सभी प्राथमिक स्तर के बच्चो को जाति प्रमाण वितरित किये गयें।

# विद्याभारती सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संपन्न हुआ सम्मान समारोह

## छात्रों को मार्गदर्शन कर दी बिदाई






**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

विद्याभारती सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में कक्षा 12 वीं के भैया बहनों का विद्याभारती सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सम्मान कार्यक्रम 11 फरवरी को आयोजित किया गया। यह सम्मान समारोह कार्यक्रम कक्षा एकादश के भैया बहनों द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवकराम दहीकर पूर्व विभाग समन्वयक मंडला विभाग, विशिष्ट अतिथि बारेलाल बड़घैया समाजसेवी, कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति के अध्यक्ष श्याम लाल पांडे, उपाध्यक्ष संतोष तिड?, सचिव विजय रामटेककर कोषाध्यक्ष लिकेश ऐड़े, श्रीमती दुर्गा रामटेक्कर आदि उपस्थित रहे । इन अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम मां भारती, मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित किया गया । तत्पश्चात एक एकादश के भैया लिकेश भालेवर, बहन सुहानी राहंगडाले द्वारा अतिथियों का तिलक वंदन कर स्वागत किया गया। उसके पश्चात सेवकराम दहीकर द्वारा भैया बहनों को आगामी वार्षिक परीक्षा के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया साथ ही कोषाध्यक्ष लिकेश ऐड़े द्वारा सभी भैया बहनों को परीक्षा हेतु मार्गदर्शित कियाद्ध सचिव विजय रामटेक्कर के द्वारा भैया वाहनों को आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन दिया गया । कार्यक्रम के अध्यक्ष श्याम लाल पांडे के द्वारा भैया बहनों को आगे बढने् हेतु मार्गदर्शन दिया गया । इसके पश्चात बहन कु. स्मृति बोहने व अनामिका गर्ग के द्वारा मंच संचालन किया गया तथा 12 वीं के भैया बहनों के द्वारा बारी बारी से अपने विचार व्यक्त किए । विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य जागेश्वर बड़घैया के द्वारा भैया बहनों को अनुशासन एवं संस्कार के बारे में बताया गया इसी प्रकार विद्यालय के आचार्यो एवं दीदीयों द्वारा भी समस्त भैया बहनों को उचित मार्गदर्शन दिया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य त्रयंबर भगत एवं प्रधानाचार्य सदरु लाल बोहने के द्वारा भैया बहनों को उचित मार्गदर्शन दिया गया।

# कांग्रेस सरकार ने विकास की जगह विनाश की करार पर खड़ा कर दिया था : विधायक संजीव सिंह

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भाजपा विधायक संजीव सिंह कुशवाहसंजू ने विकास यात्रा के माध्यम सेपूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बयान का पलटवार करते हुए कहा कि जिन्होंने विकास यात्रा को विनाश यात्रा कहा है उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विकास कार्यों को कांग्रेस कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जैसे और कांग्रेसी नेता पहचान नहीं पा रहे हैं । भिंड से यात्रा की शुरुआत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और ग्वालियर से केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रारंभ की और विकास कार्यों को देखकर वह बौखला गए हैं हर जगह हजारों की संख्या में यात्रा में लोगों ने भाग लेकर सरकारी योजना का लाभ प्राप्त किया है और जिसे कमलनाथ विनाश कह रहे हैं यह उनकी ओछी मानसिकता है।उन्होंने भिंड विधानसभा क्षेत्र के विकास यात्रा विभिन्न ग्राम पंचायतों जनसमूह को संबोधित करते हुए जखमौली,नयागांव अनेक गांव में जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की जन हितकारी योजना का लाभ अंतिम छोर तक के व्यक्ति को मिले यही विकास यात्रा का उद्देश है आप की सरकार विकास योजनाओं के लेकर यात्रा के माध्यम से जनता को लाभ दिलाने के लिए पहुंच रही है।भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं जिला संगठन प्रभारी जय प्रकाश राजौरिया ने यात्रा में कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक भी विकास कार्य प्रारंभ नहीं किए मध्य प्रदेश वल्लभ भवन को मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके मंत्रियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने लूट का अड्डा बल्लभ भवन को बना दिया था। विकास को लेकर कांग्रेस की सत्ता बनी थी लेकिन गरीब मजदूर किसानों चुप्पी झोपड़ी में रहने वाले गरीब तबके लोगों महिलाओं और युवाओं और बुजुर्गों से झूठ बोलकर सरकार बनाई थी। जनप्रतिनिधियों से मिलने का समय कमलनाथ के पास




नहीं था। प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही अंतिम छोर तक के व्यक्तियों के लिए संत रविदास डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के विचारों और अंत्योदय के साथ गरीब कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंचाने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है हमारी सरकार जन हितेषी सरकार है। भाजपा की विचारधारा ही अंतिम छोर तक के व्यक्ति को लाभ दिलाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों को यह लगा कि विकास अब मध्य प्रदेश की ओर स्मरणीय प्रदेश बनाने के लिए पहुंच रहा है तो कमलनाथ जैसे कांग्रेस के नेता विनाश यात्रा कहने लगे मैं कहना चाहता हूं । कांग्रेस के लोगों से आपने 15 माह में विकास नहीं विनाश किया था और इस प्रदेश को भ्रष्टाचार और घोटालों की करार पर लाकर खड़ा कर दिया। कांग्रेस की संस्कृति में झूठ बोलने की आदत आज से नहीं हमेशा से ही है कोविड-19 शेखपुरा संपूर्ण देश संकट की गली से गुजर रहा था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस लड़ाई को लड़ रहे थे और कांग्रेस ने झूठे आंकड़ों के साथ जनता को भ्रमित करने का काम किया जबकि उन्हें इस लड़ाई में जनता की सेवा करना चाहिए थी लेकिन उन्होंने यह ना करते हुए झूठे आंकड़ों के साथ जनता को भ्रमित किया हम सब ने पीएम नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में लड़ाई को जीता और लोगों की जिंदगी को बचाने का काम किया इस पर कांग्रेस के लोग करते हैं हमारे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता स्वयंसेवी संस्थाएं प्रशासनिक अधिकारी इस लड़ाई में जनता की सेवा के लिए जुटे रहे लेकिन कांग्रेस के लोगों ने फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन प्रदेश की जनता समझ चुकी थी कि कांग्रेश झूठ बोल रही है हमारी जिंदगी बचाने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने वैक्सीनेशन के माध्यम से बढ़िया स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से उपलब्ध कराकर हम लोगों की जिंदगी को पुणे स्थापित किया है।भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने यात्रा में कहा कि भाजपा की विचारधारा राष्ट्रवादी और विकास और कांग्रेस की नीति विनाश की रही है मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में केंद्रीय प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर 200 दिन में 200 बार के साथ-साथ भिंड जिले की पांचों विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलेगा और उन्होंने प्रदेश की जनता को भी आग्रह किया की सभी मतदाता संगठित होकर विकास के लिए भारतीय जनता ने पार्टी की सरकार को बनाकर शेर अपने जिला और प्रदेश को स्मरणीय मध्य प्रदेश बनाने में भाजपा का साथ दें और विनाश यात्रा को कहने वालों को भी जवाब प्रदेश की जनता देने के लिए तैयार बैठी है।जिलाध्यक्ष नरवरिया ने कहा कि कांग्रेस ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाया था वह भी पूरी तरह फ्लॉप हो गया प्रदेश के किसी भी जिला और गांव में इस अभियान में जनता का समर्थन नहीं मिला तो पहले कांग्रेस को अपने अभियान की तरफ देखना चाहिए तब किसी यात्रा पर उंगली उठाएं क्योंकि उनका यह हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की मानसिकता प्रदेश की जनता समझ चुकी है अब हर जगह कमल खिलाने खिलाने का समय आ गया है और जनता फिर भाजपा की सरकार बनाकर अपने गांव को विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगी। विकास यात्रा के दौरान विधायक संजू ने कई विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन किए।

# सृजन कार्यक्रम 2023 अंतर्गत प्रदर्शनी' का सी.एम.राइज विद्यालय बालाघाट में किया गया आयोजन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

लोक शिक्षण संचनालय म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार शहर के सी.एम राइ? शास.वीरांगना रानी दुर्गावती उच्च. माध्म. विद्यालय बालाघाट में संस्था प्राचार्य- डॉ. युवराज राहंगडाले, उप प्राचार्य- साजिद मोहिस, माध्यमिक विभाग प्रधान पाठक- पी.एल. उके एवं प्राथमिक विभाग प्रधान पाठक- रश्मि बिसेन की निर्देशन में सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ÷बच्चों की शाला में बच्चों की प्रस्तुति÷ इस थीम पर आधारित टीएलएम , मॉडल्स व चार्ट्स के माध्यम से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया साथ ही इस कार्यक्रम में सी.एम. राइ? विद्यालय की विगत 8 माह में विद्यार्थियों द्वारा अर्जित ज्ञान एवं उपलब्धियों को प्रदर्शनी द्वारा प्रदर्शित किया गया । सृजन प्रदर्शनी का



मुख्य उद्देश्य -01 बच्चों की स्कूली दुनिया की झलक से यह जानने का मौका की आपके बच्चे क्या सीख रहे हैं ? 2 विद्यालय भ्रमण कर विद्यालय में हो रहे गतिविधियों से परिचित कराना एवं 3. शिक्षकों के साथ संवाद कर बच्चों के संपूर्ण विकास में भागीदार बनने का सफर था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में श्री पी. एल. मेश्राम (डी.पी.सी.) जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र बालाघाट, व राजेश वर्मा (पालक) एवं अन्य अभिभावकों एवं पालकों के द्वारा सृजित/ निर्मित मॉडल्स तथा टी. एल. एम.का अवलोकन किया गया । इस आयोजन के माध्यम से पालको एवं अभिभावकों को विद्यालय स्तर पर बच्चों को प्रदान की जा रही शिक्षा के विभिन्न आयामों से परिचित कराना था। सभी विद्यार्थियों ने अपने-अपने विषय शिक्षकों के निर्देशन में विषय आधारित टीएलएम एवं मॉडल, चार्ट को प्रदर्शनी के रूप में प्रदर्शित किया ।सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस प्रदर्शनी में लगभग एक सैकड़ा पालको एवं अभिभावकों ने अवलोकन किया एवं छात्रों एवं शिक्षकों के द्वारा प्रदर्शित प्रदर्शनी को मुक्त कंठ से प्रशंसा की। सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस प्रदर्शनी में सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा जिसमें मंजू रंगारे उच्च श्रेणी शिक्षक, रजनी गौचंद्र माध्म. शिक्षक, ममता कर्ण, मेहतर लाल बनोटे, चैनलाल दमाहे, राजेश पटले, नम्रता पाराशर,रंभा खरे एवं अनुसया गजभिए का विशेष योगदान रहा। अवलोकनार्थ उपस्थित सभी पालकों ने छात्रों को प्रदान की जा रही शिक्षा व्यवस्था से संतुष्टी जाहिर की।

# कलेक्टर डॉ मिश्रा खजरी एवं सीताखोह विकास यात्रा में शामिल हुए

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**



कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा आज 11 फरवरी को कटंगी विकासखंड के ग्राम खजरी एवं सीताखोह में निकाली गई विकास यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं यात्रा के प्रभारी के डी देशमुख, नरेन्द्र भैरम, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष पूरनलाल चौधरी, कटंगी एसडीएम सुश्री कामिनी सिंह ठाकुर, अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। विकास यात्रा के दौरान कलेक्टर डॉ मिश्रा ने ग्रामीणों को बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में बालाघाट जिले में सबसे अधिक आवास मिले है। जिन लोगों के आवास स्वीकृत हुए हैं, वे अपने मकान का काम शीघ्र पूरा करायें। संबल योजना में पंजीकृत श्रमिक की सामान्य मृत्यु पर 02 लाख रुपये एवं दुर्घटना में मृत्यु पर 04 लाख रुपये एवं अंत्येष्टि के लिए 05 हजार रुपये की राशि दी जाती है। गांवों में शुद्ध पेयजल हर घर तक पहुंचाने के लिए नल-जल योजनाओं पर काम चल रहा है। विकास यात्रा मकसद सभी पात्र लोगों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। जो लोग पात्रता रखने के बाद भी योजनाओं के लाभ से वंचित रह गये हैं उनके आवेदन लेकर कार्यवाही की जायेगी। विकास यात्रा के दौरान ला?ली लक्ष्मी योजना के स्वीकृति पत्र, संबल कार्ड, ई-श्रमिक कार्ड, स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया और विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया।

# सावधान : सोशल मीडिया पर आपत्तिजन मैसेज पोस्ट करने पर प्रतिबंध

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

बालाघाट जिले में छोटे-छोटे विवादों पर साम्प्रदायिक एवं जातिगत मतभेद एवं प्रतिरोध की स्थितियां निर्मित ना हो और जिले में लोक शांति बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अंतर्गत जिले में किसी भी व्यक्ति या संगठन द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक व अश्लील संदेश, चित्र, वीडियो या आडियो या अन्य किसी भी तरह का मैसेज जिनसे समाज के विभिन्न वर्गों के बीच वैमन्स्यता, साम्प्रदायिक सद्भाव को खतरा हो प्रकाशित एवं पोस्ट करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सोशल मीडिया पर ऐसे संदेश जिनसे महिला एवं अल्प संख्यक वर्ग या सामुदाय या जाति विशेष के विरूद्ध प्रतिकूल टिप्पणी हो या जिनसे अफवाहों को बल मिलता हो, पोस्ट करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# गोहद क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से बंद पड़ी विद्युत सप्लाई को लेकर विधायक द्वारा विद्युत विभाग कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से बंद पड़ी विद्युत सप्लाई को लेकर विधायक सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विद्युत विभाग कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ 2 दिन पूर्व भी एसडीएम को ग्रामीण क्षेत्र की बिजली समस्या को लेकर ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया था लेकिन समय रहते हुए प्रशासन ने इस समस्या की ओर ध्यान देना उचित नहीं समझा इसी समस्या को लेकर विधायक मेवाराम जाटव द्वारा आज विद्युत विभाग कार्यालय पर धरना दिया गोहद क्षेत्र अंतर्गत ऐचाया ग्रामीण फीडर से होने वाली विद्युत सप्लाई पिछले लगभग 15 दिवस से बंद पड़ी हुई है इस फीडर से क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांवों में गेहूं की फसल में पानी लगाने हेतु तथा बोर्ड परीक्षा नजदीक होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे छात्र छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है एवं दिन चर्या भी अस्त-व्यस्त हो रही है इन सभी समस्याओं को लेकर 2 दिन पूर्व ज्ञापन के माध्यम से अवगत करा चुके हैं फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है सबसे बड़ी समस्या ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे छात्र-छात्राओं के अध्ययन को लेकर है क्योंकि उनकी बोर्ड परीक्षाएं नजदीक होने के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है अगर ऐसी स्थिति रही तो उन गरीब छात्र-छात्राओं की सालभर की पढ़ाई बर्बाद हो सकती है इन्हीं समस्याओं को लेकर विधायक ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जिसमें तहसीलदार एवं जेई द्वारा शाम तक लाइट चालू करने का आश्वासन दिया

# करो तपस्या मिटाओ समस्या विषय पर शिवरात्रि के उपलक्ष में ब्रह्मा कुमारीज मालनपुर के परिसर में हुआ कार्यक्रम आयोजित



**दैनिक पुस्पांजली टुडे**

**गोहद**-करो तपस्या मिटाओ समस्या* विषय पर शिवरात्रि के उपलक्ष में ब्रह्मा कुमारीज मालनपुर के परिसर में कार्यक्रम आयोजित हुआ,जिसमें झांसी से पधारे रिटायर्ड इंजीनियर ने अपना अनुभव रखते हुए कहा ÷जिसका साथी है भगवान क्या करेगा आंधी और तूफान÷... जब जब मेरे पास समस्या आई है मैंने भगवान शिव को याद करके उसको खत्म किया हैद्य महेश भाई ने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में भी हम विजय प्राप्त कर सकते हैं जब हम अपनी स्वयं की स्थिति को अच्छा रखते हैंद्य हमारी सोच हमारी स्थिति का निर्माण करती है हमारा व्यवहार अच्छा बनाती है, हमारे संबंध अच्छे बनते हैं द्य इसीलिए सदा हमें अच्छी सोच रखना चाहिए द्य आश्रम की संचालिका ज्योति बहन ने एकाग्रता पर ध्यान देने के लिए विशेष अवगत कराया द्य वर्तमान समय मोबाइल और भी आधुनिक साधनों ने व्यक्ति का ध्यान भटका दिया है द्य यदि समय रहते ध्यान को एकाग्र नहीं किया गया यह स्थिति आ सकती है कि घर में हर व्यक्ति डर और भय में घिरा हुआ रहेगा द्य इसीलिए आवश्यक है अपनी एकाग्रता को बढ़ाएं और व्यर्थ बातों में समय ना दे

# विधानसभा चुनाव में महिलाओं को मिलना चाहिए 50 आरक्षण कु.शिवानी राठौर

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी**-मध्य प्रदेश की राजनीति में मध्य प्रदेश की महिलाओं को आगामी विधानसभा चुनाव में 50त्न की आरक्षण की मांग के लिए कु.शिवानी राठौर जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग महिला कांग्रेस शिवपुरी ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी को पत्र प्रदान कर मांग की। कु. शिवानी राठौर में पत्र के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में माननीय प्रियंका गांधी जी द्वारा उत्तर प्रदेश की सक्रिय महिला कार्यकर्ताओं को 40त्न आरक्षण दिया गया था, जिसको ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की राजनीतिक रूप से सक्रिय महिलाओं को उनके हक, सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी द्वारा मध्य प्रदेश की महिलाओं को महिला सशक्तिकरण प्रदान करने के लिए एक कदम आगे बढ़ते हुए जनसंख्या के अनुसार 50त्न आरक्षण दिया जाना अनिवार्य है। राजनीतिक रूप से सक्रिय महिलाएं वर्षों से कांग्रेस पार्टी की सेवा करती रही हैं, उन्हें उनका हक कांग्रेस पार्टी द्वारा यदि प्रदान किया जाता है तो यह महिलाओं के राजनीतिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा तथा आगामी विधानसभा में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित कर सरकार बनाने में मददगार साबित होगा।मध्यप्रदेश में महिलाओं की भागीदारी पुरुष मतदाताओं के बराबर ही है। अभी तक राजनीतिक रूप से पुरुष वर्ग द्वारा ही महिलाओं का राजनीतिक नेतृत्व किया जा रहा है जबकि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा महिला पुरुषों के लिए समान रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि माननीय कांग्रेस पार्टी प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी द्वारा भविष्य में महिलाओं को आरक्षण निश्चित तौर पर प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर कु.शिवानी राठौर पिछड़ा वर्ग महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष के साथ अन्य कांग्रेस पार्टी सदस्य भी उपस्थित रहे।

### भाजपा विकास यात्रा निकाल रही है, अब उनकी निकास यात्रा निकलेगी :कमलनाथ

# मुख्यमंत्री के गृह जिला मुख्यालय पर किया चुनावी शंखनाद,बुदनी, सीहोर विधानसभा से पहुंचे सबसे ज्यादा नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता







**रघुवर दयाल गोहिया**

**सीहोर।** समय के पाबंद पूर्व मुख्यमंत्री प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ शनिवार को अपने निर्धारित समय पर भोपाल से हेलिकॉप्टर से अल्हादाखेड़ी आये। इसके बाद वह सड़क मार्ग से इंदौर नाका, मंत्री पेट्रोल पंप, मठ मंदिर, भूतेश्वर मंदिर एवं कर्बला पुल होते हुए ऐतिहासिक चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की। इसके बाद वह शुगर फेक्ट्री रोड, पावर हाउस चौराहा, मछ्ली पुल, पुराना बस स्टैंड, कोतवाली चौराहा, बस स्टैंड होते हुए कार्यक्रम स्थल रवींद्र सांस्कृतिक भवन पहुंचे। इस दौरान उनका अनेक स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जिन मार्गों से वह गुजरे वहां स्वागत द्वार, झंडे और बैनरों की पहली बार व्यापक भरमार देखी गई। कार्यक्रम स्थल पर महती जनसभा को संबोधित करते हुए कमलनाथ ने कहा कि भाजपा प्रदेश भर में विकास यात्रा निकाल रही है। इस विकास यात्रा में पूरी सरकारी मशीनरी का उपयोग हो रहा है। ये कैसी विकास यात्रा है। यदि विकास किया है तो भाजपा सरकार को यह क्यों बताना पड़ रहा है कि उन्होंने विकास किया है। अब उनकी निकास यात्रा निकलेगी। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश को 17 सालों में अपराध में नंबर वन, अवैध उत्खनन में नंबर वन और रैप में नंबर वन पर लाकर खड़ा कर दिया है। हमारी कांग्रेस सरकार को 15 माह का समय मिला था, जिसमें हमने किसानों की कर्ज माफी की, माफियों के खिलाफ अभियान चलाया, शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाया। इसके बाद छल और धन बल के दम पर कपट के साथ चुनी हुई सरकार को गिराया गया। ये सब बातें प्रदेश की जनता अच्छी तरह से जानती है। श्री नाथ मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार की शुरुआत करने के लिए सीहोर में शंखनाद करने सीहोर आये थे।

**सामने आयें शिवराज हम देंगे हिसाब**-पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मेरे से 15 माह का हिसाब मांग रहे हैं। मैं कहता हूं कि वे आ जाएं। आमने-सामने आकर बात करें, उनको पूरा हिसाब दिया जाएगा। पीसीसी चीफ ने कहा कि कांग्रेस सरकार को काम करने के लिए सिर्फ 15 माह का समय मिला। इसमें ढाई महीना तो लोकसभा चुनाव की आचार संहिता में निकल गया। बाकी समय में हमने किसानों की कर्ज माफी की। माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया।

**भाजपा के लोग रामायण-गीता पड़ना नहीं जानता**- रमेश सक्सेना पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश सक्सेना ने भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में अंधेरगर्दी के अलावा कुछ नहीं है। हर तरफ लूट मची हुई है। भ्रष्टाचार चरम पर है, अवैध माफिया सक्रिय है और अपराध बड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में नकली सामान देकर वाहवाही लूटी जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग न तो गीता पड़ना जानते हैं, न महाभारत पड़ना जानते हैं और न ही रामायण पड़ना जानते हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई कांग्रेस की बुराई करते हैं तो हम चुपचाप सुन लेते हैं, लेकिन अब उन्हें जबाव दीजिए। सभा को पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने भी संबोधित किया।

**बुदनी विधानसभा से पहुंची 50 गाड़ियां**-कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बुदनी विधानसभा से 50 से अधिक गाड़ियां सीहोर पहुंची। इसमें बुदनी विधानसभा के कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता शामिल रहे। युवा कांग्रेस नेता अर्जुन शर्मा निक्की की अगुवाई में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सीहोर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पीसीसी चीफ का स्वागत भी किया। सीहोर पहुंचे प्रमुख नेताओं में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बुदनी केशव चौहान, युवा नेता विपुल यादव, दुष्यंत मालवीय आदि शामिल हैं। सीहोर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जिला पंचायत सदस्य युवा नेता शशांक सक्सेना के नेतृत्व में दो पहिया और चार पहिया वाहनों से सीहोर पहुंचे। इन कार्यकर्ताओं ने भी कमलनाथ की भव्य अगवानी की।

**पत्रकारों वार्ता भी आयोजित की गई**-पीसीसी चीफ ने कार्यक्रम स्थल पर पत्रकार वार्ता भी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में हर तरफ अराजकता की स्थिति बनी हुई है। कहीं कोई सिस्टम नहीं है। जिधर देखो उधर ही भ्रष्टाचार है, अराजकता का माहौल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने वर्ष 2018 में मौका दिया था, लेकिन यह मौका हमारे पास सिर्फ 15 माह ही रहा। एक सवाल के जबाव में उन्होंने कहा कि सीहोर जिले में अभी संगठनात्मक नियुक्तियां होनी हैं। विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों को लेकर उन्होंने कहा कि अभी चुनावी तैयारियां शुरू हुई हैं, लेकिन उम्मीदवारों को लेकर कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी।पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं की इतनी अधिक भीड़ थी कि व्यवस्था संभालना बेहद मुश्किल हो रहा था।इसके चलते जिला कांग्रेस कमेटी के प्रमुख बलवीर सिंह तोमर कई बार माफी मांगते हुए नजर आए। वहीं कई बार पुलिस को मोर्चा संभालकर स्थिति को काबू करना पड़ा।

# प्राथमिक शाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर संभागायुक्त ने नाराजगी जाहिर की

### संभागायुक्त श्री सिंह ने प्राथमिक शाला कनेरा का किया औचक निरीक्षण



**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** चंबल संभागायुक्त दीपक सिंह ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय कनेरा अटेर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।इस दौरान उन्होंने विद्यालय में बच्चों की दर्ज संख्या के अनुसार कम उपस्थिति ,विद्यालय में प्राप्त अन्य अव्यवस्थाओं पर प्रधान शिक्षक अहीरवान सिंह पर नाराज़गी ज़ाहिर की। संभागायुक्त दीपक सिंह ने मध्यान भोजन कर रहे बच्चों से भोजन के बारे में पूछ उसकी गुणवत्ता जानने के साथ बच्चों संग चर्चा की । इस दौरान कलेक्टर भिण्ड डॉ सतीश कुमार एस ,सीईओ जिला पंचायत जेके जैन उपस्थित रहे ।चंबल संभागायुक्त दीपक सिंह ने शाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर प्रधान अध्यापक अहीरवान सिंह पर नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए चेतावनी दी की शाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर करें अन्यथा होगी कार्यवाही।

# करेच मामले में मंत्री की सफाई, बोले मेरे साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई

**मुंगावली संवाददाता जितेंद्र राय -**



विकास यात्रा के दौरान ग्राम देवरछी से पीएचई मंत्री का कपड़े उतार कर मुहँ हाथ धोने का एक वीडियो सामने आया था वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ जिसमें बताया जा रहा था की विकास यात्रा के दौरान किसी शरारती तत्व ने पीएचई मंत्री को करेच लगा दी थी जिससे मंत्री को खुजली होने लगी थी और मंत्री कपड़े उतार कर मुंह हाथ धो रहे थे वीडियो में पीएचई मंत्री भी करेच लगाने की बात कहते नजर आए हैं यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ विपक्ष भी इस मामले में मंत्री पर हमला बोलने में पीछे नहीं था विपक्ष इस मामले में पीएचई मंत्री पर कटाक्ष करते हुए कह रहा था कि मंत्री का समय आ गया है अब करेच भी लगेगा खुजली भी होगी और जनता वोटों का करंट लगाकर जवाब भी देगी। वायरल वीडियो मामले में अब पीएचई मंत्री ब्रजेन्द्र सिंह यादव की सफाई आई है पीएचई मंत्री ने शनिवार को ग्राम झागर वमुरिया में विकास यात्रा में पत्रकार वार्ता कर मामले में बताया है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई है वीडियो गलत तरह से वायरल किया जा रहा है मुझे किसी ने करेज नहीं लगाई है हाथ में खुजली हो रही थी हम जनरल ही गांव की भाषा में कह देते हैं कि ऐसा लग रहा है किसी ने करेच लगा दिया हो इस बात का यह आशय निकालकर कि मुझे कितने करेच लगाई है वीडियो वायरल कर दिया जबकि में मंदिर जा रहा था जिसके लिए मैं हाथ मुंह धो रहा था ठंड का समय था हाथ मुंह धोने के लिए मैंने कुर्ता उतारा था मैं जब भी मंदिर जाता हूं तो नहा धोकर ही मंदिर जाता हूं उस समय रात्रि का समय था तो कुर्ते पर पानी न गिरे इस लिए कपड़े उतारकर मुँह हाथ धौंकर मंदिर में दर्शन को जा रहा थाकरेच वाला कोई मामला नहीं है विकास यात्रा का लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है जगह-जगह लोग स्वागत कर रहे हैं मुझे ऐसा स्वागत पहले कभी देखने को नहीं मिला जितना स्वागत विकास यात्रा के दौरान लोगों का उत्साह स्वागत पहली बार देखने को मिल रहा है ऐसा स्वागत तो लोगों ने चुनाव के समय भी नहीं किया मैं लगातार विकास यात्रा में चल रहा हूं सुबह से लेकर शाम तक विकास यात्रा में लगा हुआ हूं हम लोगों की समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर रहे हैं इस वीडियो के बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता यह झूठ है कि मेरे ऊपर किसी ने करेच लगाया मुझे कोई करेच लगाएगा भी क्यों करेच लगता है तो पूरे शरीर में खुजली होती है गोबर का लेप करना पड़ता है ऐसी कोई घटना मेरे साथ घटित नहीं हुई है सरारती तत्वों ने सोसल मीडिया पर भ्रामक प्रचार किया है खुजली मामूली सी चल रही थी मैंने एक बोतल पानी से हाथ मुंह धो लिया था करेच का कोई मामला नही था

### जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देना ही विकास यात्रा का उद्देश्य : मंत्री डॉ भदौरिया

# विकास यात्रा खत्म होने के बाद अगर एक भी आवेदन मिला तो संबंधित अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही होगी : संभागायुक्त श्री सिंह

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**विकास यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत 59.87 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास एवं भूमिपूजन हुआ**

**भिण्ड ।** सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया के नेतृत्व में विकासखण्ड अटेर के ग्राम उदोतगढ़ से विकास यात्रा प्रारंभ हुई।

**सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकासखण्ड अटेर के ग्राम उदोतगढ़ में विकास यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**




विकास रथ यात्रा निर्धारित रूट प्लान अनुसार विकासखण्ड अटेर के ग्राम उदोतगढ़ से प्रारंभ होकर रोहन्दा, कनेरा, खड़ीत एवं मोदना में विकास यात्रा का समापन हुआ। विकास यात्रा का जगह-जगह पर पुष्पवर्षा एवं बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया गया। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकास यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में जनसेवा अभियान अंतर्गत स्वीकृति पत्रों का वितरण किया। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं अनेक विकास कार्यों के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी। इस दौरान चंबल - ग्वालियर संभाग आयुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, सीईओ जिला पंचायत जेके जैन सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया द्वारा विकासखण्ड अटेर के ग्राम उदोतगढ़, रोहन्दा, कनेरा, खड़ीत एवं मोदना में विकास रथ यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में 59.87 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड अटेर के ग्राम उदोतगढ़ में 10.04 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 7.10 लाख की लागत से सीसी नाला निर्माण, 1.55 लाख की लागत से सीसी रोड़ निर्माण, 1.39 लाख की लागत से सीसी रोड़ निर्माण का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकासखण्ड अटेर के ग्राम रोहन्दा में 7.59 लाख से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें 4.16 लाख की लागत से खेल मैदान, 3.43 लाख की लागत से सामुदायिक स्वच्छता परिसर का भूमिपूजन किया।सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकासखण्ड अटेर के ग्राम कनेरा में 19.38 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 12.85 लाख की लागत से पंचायत भवन, 3.43 लाख की लागत से सामुदायिक स्वच्छता परिसर, 3.10 लाख की लागत से सीसी रोड़ निर्माण का भूमिपूजन किया। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकासखण्ड अटेर के ग्राम खड़ीत में 10.89 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 6.69 लाख की लागत से सीसी रोड़ निर्माण, 4.20 लाख की लागत से खेल मैदान का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकासखण्ड अटेर के ग्राम मोदना में 11.97 लाख से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें 6.29 लाख की लागत से सीसी रोड़ निर्माण, 5.68 लाख की लागत से तालाब निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकासखण्ड अटेर में विकास यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित आमजनों को संबोधित कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा सभी वर्गों के कल्याण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जनहितैषी योजनाओं से कोई भी पात्र वंचित नहीं रहे इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम और शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास यात्रा निकाली जा रही है। आमजन तक शासन की योजनाओं की जानकारी पहुंचे और हर व्यक्ति को अधिकार पूर्वक योजनाओं का लाभ देना ही इस यात्रा का उद्देश्य है। विकास यात्रा के माध्यम से सरकार हर घर, हर परिवार तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। जनहित में सरकार द्वारा लगातार विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार को चिन्हित कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देना यही विकास यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि विकास की इबादत योजनाओं के माध्यम से हर घर पहुंच रही है यदि कोई किसी कारण से वंचित रह गया है तो उसे लाभ दिलाने का प्रयास यात्रा का मुख्य उद्धेश्य है। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा है कि जिले का हर गांव आत्म निर्भर हो इसके लिए हम सबको शासन की योजनाओं का लाभ लेते हुए आर्थिक स्वावलंबी होना होगा। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं पर गहन प्रकाश डालते हुए कहा कि गांव का एक भी व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहें। यही हम सबका ध्येय है। उन्होंने गांव में मुहैया कराई जा रही बुनियादी सुविधाओं को भी रेखांकित किया जिसमें मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पानी व खेती के क्षेत्र में हुए नवाचारों के संबंध विस्तार से जानकारी दी। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार 08 मार्च 2023, अंतर्राष्टीय महिला दिवस को लाड़ली बहना योजना के आवेदन लेने का कार्य शुरू किया जा रहा है। लाड़ली बहना योजना में गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार की महिलाओं को प्रति माह एक-एक हजार रुपये की राशि उनके खाते में अंतरित की जायेगी। हितग्राहियों को चिन्हित करने के लिये गाँव-गाँव और वार्डों में जाकर आवेदन भरवाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने हर गरीब के आँसू पोछने का कार्य किया है। हर गाँव में विकास की रोशनी पहुँचायी है। मध्यप्रदेश आज बीमारू राज्य नहीं बल्कि एक विकसित राज्य की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। विकास की इस गाथा में किसी एक व्यक्ति को श्रेय दिया जाना हो तो निःसंदेह उसका श्रेय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को जाता है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मुख्यमंत्री जी ने गरीबी उन्मूलन, कुपोषण, गरीब बेटियों के विवाह और जिनका कोई नहीं है उनके लिये संबल जैसी अभूतपूर्व योजनाएँ बना कर और सफलता से क्रियान्वित कर जरूरतमंदों को लाभान्वित किया है। आज प्रदेश बिजली, पानी, सड़क के साथ जैविक खेती में भी अग्रणी है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार द्वारा हर समाज को सशक्त और सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है। एक समय था जब लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिलता था। आज हमारी सरकार में व्यक्ति को घर-घर जाकर पूछा जा रहा है कि उन्हें लाभ मिला है या नहीं। इतना ही नहीं प्रत्येक पात्रताधारी हितग्राही को लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर उनके जीवन में बदलाव लाने का कार्य भी किया जा रहा है।सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा कि अनाज के लिए कृषि सबसे जरूरी है, और कृषि के लिए सिंचाई, खेतों में सिंचाई के लिए काफी पानी की जरूरत होती है। ठीक तरह से सिंचाई न होने पर फसलें खराब हो जाती हैं। लंबे समय के इंतजार के बाद कनेरा सिंचाई परियोजना को पर्यावरण मंत्रालय से अनुमति मिल गई है। इस अनुमति के बाद अब अटेर क्षेत्र के किसानों के लिए कनेरा सिंचाई उद्वहन परियोजना का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि कनेरा सिंचाई उद्वहन परियोजना के तहत् अटेर क्षेत्र की लगभग 15 हजार हैक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी। साथ ही वृहद स्तर पर किसानों को लाभ होगा।

सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा कि अटेर में 10 फरवरी से 14 फरवरी 2023 तक अटेर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अटेर महोत्सव के अन्तर्गत कई सांस्कृतिक, एडवेंचर एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन अटेर किले के नीचे एवं चम्बल किनारे किया जाएगा। उन्होंने अटेर महोत्सव आयोजन में शामिल होने सभी आमजनों को आमंत्रण दिया।चंबल - ग्वालियर आयुक्त दीपक सिंह ने कहा कि विकास यात्रा को प्रभावी बनाना हमारी प्राथमिकता है। शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित रहे पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। विकास यात्रा खत्म होने के बाद अगर एक भी आवेदन मिला तो संबंधित पटवारी और तहसीलदार के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। आज हमने यह भी निर्धारित किया है कि सीईओ जिला पंचायत की जिम्मेदारी होगी कि सारे फौती पंजी पंचायत सचिव अपने हस्ताक्षर के साथ पटवारी को अगले तीन दिवस में हैंड ओवर करेंगे। और पटवारी की जिम्मेदारी होगी की फौती दुरुस्ती का मामला नामांतरण पंजी में दर्ज करके आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करेगा और 15 दिवस के अंदर तहसीलदार ये सुनिश्चित करेंगे कि फौती दुरुस्ती होकर संबंधित आवेदक को खसरे की नकल मिल जाए। उन्होंने कहा कि 5 मार्च के बाद अगर कोई भी ऐसा प्रकरण मिला तो संबंधित अधिकारी को निलंबित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि परिवार के कई सदस्यों के नाम एक खाते में दर्ज रहते हैं उनको बैंक लोन लेने या शासन की अन्य योजना का लाभ लेने में रुकावट आती है उसका अभियान भी विकास यात्रा के साथ-साथ चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो आपसी सहमति के बंटवारे होते हैं उनका लक्ष्य निर्धारित किया है कि 15 मार्च से पहले आपसी सहमति के बंटवारा दर्ज करके और उनका निराकरण भी करना है। उन्होंने कहा कि विकास यात्रा के साथ-साथ राजस्व प्रकरण के निराकरण का अभियान भी चलेगा। उन्होंने आश्वस्त कर कहा कि 15 मार्च के बाद स्वयं किसी गांव में जाकर गांव वालों को बुलाकर जानकारी लूंगा और अगर वहां पाया गया कि कोई नामांतरण, बंटवारा दर्ज नहीं हुआ है तो दोषी अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेंगे। उन्होंने सभी अधिकारी/कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों से कहा कि हमारे ऐसे गरीब भाई-बहन जो शिविर या कार्यक्रम में नहीं जा पाते हैं योजना में पात्रता रखते हैं लेकिन उनको लाभ नहीं मिल पाता है तो विकास यात्रा के दौरान हमें उनके घर तक पहुंचना है, उनके आवेदन भरवाने हैं। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित कर कहा की जितनी भी विकास यात्रा हों कार्यक्रम में आवेदन पत्र निःशुल्क लिखने के लिए शासकीय कर्मचारियों की व्यवस्था की जाए। ताकि किसी व्यक्ति को अगर आवेदन पत्र देना है तो वो कर्मचारी वहां बैठे रहें उनके पास सारी योजनाओं के फार्म रहें कागज रहें और जो भी व्यक्ति ऐसे हों जो योजना से पात्रता रखते हैं उनके आवेदन पत्र यहां पर भरवाए जाएं किसी भी प्रकार की राशि उनसे नहीं ली जाए। सभी जनप्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी है कि आप देखें कि आपके गांव में कोई व्यक्ति अगर किसी योजना में पात्र है तो उसको उस योजना का लाभ मिले शासन की योजना से कोई वंचित न रहे। ये जो विकास यात्रा है इसका उद्देश्य यही है कि शासन की जितनी भी योजनाएं हैं उनका प्रचार-प्रसार हो, जो लोग पात्रता रखते हैं उनको लाभ मिले, और वहां क्या-क्या काम की जरूरत है। उस मांग को गांव वालों से ही लेकर वो एक कार्य योजना बने जिस कार्ययोजना को हम फिर आगे क्रियान्वयन कर सकें। आप सबकी जागरुकता और आप सबकी सहभागिता से ही ये विकास यात्रा सफल होगी।

# छत्रसाल महाविद्यालय में ऊर्जा साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत हुई प्रतियोगिताए




**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

पिछोर जिला शिवपुरी में ऊर्जा साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार विविध प्रकार की प्रतियोगिताएं निबंध प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई कार्यक्रम के संरक्षक एवं मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएस गौतम रहे। उन्होंने जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न उपाय एवं पर्यावरण और भावी भविष्य की चिंता को रेखांकित करते हुए ऊर्जा के नए संसाधनों को अपनाने की बात छात्रों के समक्ष कही। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अरविंद सिंह यादव रहे कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर नरसिंह भिड़े एवं डॉ गिरीश नीखरा रहे। शिक्षक लीडर के रूप में प्रोफेसर सतीश माहौर एवं श्रीमती नीलम सोलंकी रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर करण सिंह जाटव ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर केशव सिंह जाटव,के साथ साथ डॉ अक्षय कुमार जैन, डॉ कमल किशोर यादव, डॉक्टर अंजू सिहारे, प्रोफेसर जगदीश आर्य, डॉक्टर बबीता बाथम, डॉक्टर शैलेंद्र पाठक, डॉक्टर भावना भटनागर, श्री राजेंद्र हिमोरिया, श्री शिवतीर्थ चतुर्वेदी, श्रीमती कविता पाराशर, डॉ आशुतोष श्रीवास्तव, डॉक्टर बाबूलाल कुम्हारे, श्री दिनेश अहिरवार श्री शोभाराम गौतम, श्री प्रकाश भट्ट श्री दर्शन लाल श्रीमती वर्षा निगम अनुभा कोठारी के साथ साथ अनेक छात्र छात्राओं ने विविध प्रकार की प्रतियोगिताओं में सहभागिता की।

# शासकीय माध्यमिक विद्यालय पीपलखेड़ा में शिक्षक लगा देते हैं 2:00 बजे ही ताला

## बच्चों को अंधकार की ओर ले जाता हुआ शिक्षक

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**



**पिछोर** अनुविभागीय अंतर्गत ग्राम पीपलखेड़ा में बच्चों के साथ खिलवाड़ मोटी मोटी शासन की रकम लेकर शिक्षक सोते हैं चैन की नींद और बच्चों को धकेला जा रहा है अंधकार की ओर ग्राम पीपलखेड़ा में शासकीय माध्यमिक विद्यालय में अनुपस्थित रहते हैं शिक्षाकर्मी बच्चे पढ़ने के लिए मोहताज ग्राम पीपलखेड़ा विद्यालय में कभी भी समय पर नहीं जाते शिक्षक शासन के यहां से बच्चों के लिए पढ़ाई के लिए एक से एक योजना चलाई जा रही है लेकिन शिक्षाकर्मी मोटी मोटी शासन की रकम लेकर मौज उड़ा रहे हैं पीपलखेड़ा शासकीय प्राथमिक विद्यालय मे बच्चे स्कूल के बाहर खड़े हैं लेकिन प्राचार्य श्याम गुप्ता अंकित करिश्मा और इस्नेहा शासकीय प्राथमिक विद्यालय पीपलखेड़ा पर पदस्थ हैं लेकिन विद्यालय शिक्षिका एवं शिक्षक कभी नहीं जाते विद्यालय मे मानो ऐसा उनका दिनचर्य बन चुका है

# नेशनल लोक अदालत में 1432 मामले निराकृत एवं राशि 9 करोड़ 32 लाख 47 हजार से अधिक का अवार्ड पारित किया गया

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**

शिवपुरी, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार संपूर्ण मध्यप्रदेश सहित शिवपुरी जिले में आज शनिवार को जिला मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय शिवपुरी पर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश दीपक गुप्ता द्वारा प्रातः 10-30 बजे एडीआर भवन में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर दीपक गुप्ता ने कहा कि विवादों के निराकरण के लिए वैकल्पिक समाधान अंतर्गत लोक अदालत एवं मध्यस्थता भी एक सशक्त माध्यम है यह योजना आम नागरिक तक पहुंचना चाहिए जिससे अधिक से अधिक पक्षकार लाभान्वित हो सके।इस अवसर पर संजीव अग्रवाल प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, शिवकांत गोयल प्रथम जिला न्यायाधीश, दीपाली शर्मा द्वितीय जिला न्यायाधीश, अर्चना सिंह जिला



न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी, विवेक शर्मा तृतीय जिला न्यायाधीश, आर बी गुप्ता चतुर्थ जिला न्यायाधीश, पवन कुमार संखवार, पंचम जिला न्यायाधीश, अमित कुमार गुप्ता सप्तम जिला न्यायाधीश, सज्जन सिंह सिसोदिया सीजीएम शिवपुरी, श्वेता मिश्रा जिला रजिस्ट्रार, प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड नेहा प्रधान, न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित प्रताप सिंह, रूपम तोमर, सुनीता कोरी, ट्रेनिंग जज वंशिता गुप्ता, इतिशा संघवी, दिव्यानी सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ.वीरेंद्र कुमार सहित पीएलबी नंदनी तोमर, अमित दांगी, अमन बेड़िया, नंदकिशोर सेन, स्वाति राठौर, कपिल धाकड़, मोहसिन कुरेशी, अभिषेक मांझी, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, ललित शर्मा, गजेंद्र धाकड़, नीरू रावत, गोपाल राठौर, मिथुन विनायक, कृष्ण कुमार नामदेव उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में जिले में कुल 27 खंडपीठ के माध्यम से 1432 मामलों का निराकरण हुआ एवं 2425 पक्षकार लाभान्वित हुए निराकृत मामलों में विचारधीन मामले 676 एवं प्री लिटिगेशन स्तर के मामले 756 शामिल थे।

# जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा ने निर्धन लड़की की शादी के लिए की आर्थिक रूप से मदद



**शिवपुरी-** जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा एक निर्धन घर की लड़की जिसकी 22 फरवरी को शादी है माता पिता के पास इतनी गुंजाइस नही की वो इसकी शादी का खर्चा उठा सके तो जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा की सदस्यों द्वारा इस लड़की को साड़ीयां, ज्वेलरी, बर्तन , चांदी का सामान , मिक्सर ग्राइंडर, कुछ तोहफे , एवं आर्थिक सहायता से भी मदद की ।उल्लेखनीय है कि जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा इस से पहले भी अनेक निर्धन ल?कियों की सहायता कर चुका है। जिसमें अध्यक्ष जेसी प्रियंका शिवहरे एवं सचिव जेसी आरती जैन , जेसी कुसुमलता राठौर, जेसी प्रियंका सोनी, जेसी स्मिता सिंघल, जेसी बबिता अग्रवाल, जेसी निशा गोयल , जेसी कुसुमलता राठौर, जेसी माधवी सोनी , जेसी नीतू शिवहरे , जेसी अंशु अग्रवाल एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे उस परिवार ने जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा का तहे दिल से धन्यवाद किया अंत में सचिव जेसी आरती जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया

# सेल्समैन की कालाबाजारी अधूरा वितरण किया जाता है खाद्यान्न वो भी आधा अधूरा

## खाद्यान्न विक्रेता द्वारा उपभोक्ताओं को दी जाती हैं धमकियां

**संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

**बदरवास।** अनुविभागीय अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजरावन के टेकी पुरा एवं टपरा के आदिवासीयो को नहीं मिलता समय पर राशन शासकीय उचित मूल्य विक्रेता राम सिंह परिहार शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर बैठकर उपभोक्ताओं को करता है गाली गलौज ग्रामीण उपभोक्ताओं द्वारा आरोप लगाया गया है कि राम सिंह लोगों के लिए गाली गलौज करता है तथा आधा अधूरा राशन वितरण कर भगा देता है कई बार तो विक्रेता राम सिंह उपभोक्ताओं को मारपीट करने को तैयार हो जाता है ग्रामीण उपभोक्ताओं द्वारा बताया गया है कि संबंधित अधिकारी ले देकर मामला को सुलझा लेते हैं ग्रामीण लोग कई बार राम सिंह के खिलाफ शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन अभी तक कोई भी कार्रवाई संबंधित अधिकारियों द्वारा नहीं की गई है शासकीय उचित मूल्य के विक्रता







राम सिंह की कई बार शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है साथी ही जिस हितग्राही को 35 किलो राशन मिलता है वहां पर विक्रेता द्वारा 15 किलो राशन वितरण किया जाता है

**शासकीय उचित मूल्य की दुकान कोड नंबर505045 पर लगातार धादल बाजी चल रही है-** उपभोक्ताओं का कहना है कि जो फ्री में राशन आता है वह आज दिन तक दिया नहीं जाता ना ही हमने देखा फ्री का माल कैसा होता है जो कि शासन द्वारा कई महीनों कई साल से आ रहा है आज दिन तक हमें कोई प्राप्त नहीं हुआ ग्रामीणों ने लगाए सेल्समैन राम सिंह के ऊपर बहुत ही गंभीर आरोप ग्रामीणों का कहना है कि सेल्समैन बोलता है कि तुम्हें जहां शिकायत करना है वहां जाकर मेरी शिकायत करें आओ मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे सरकारी कर्मचारियों की मिली भगत से कर रहा है कालाबाजारी

# गोहरापदर में भाजपाइयो ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर मनाया समर्पण दिवस

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**गोहरापदर** भारतीय जनता पार्टी मंडल गोहरापदर में एकात्म मानववाद के प्रणेता,अंत्योदय के स्वप्नदृष्टा,पूज्यनीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया.सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि श्रद्धा सुमन अर्पित की साथ ही समर्पण भी किया.पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह माँझी ने पं.दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच आने वाली कई पीढ़ियों को जीवन जीने का मार्ग बताने वाली हैं.एक भारतीय के रूप में उनकी राष्ट्वादी और आज के युवाओं को देश के प्रति समर्पित करने के लिए बहुत मूल्यवान है मेरा मानना है कि सभी कार्यकर्ताओं को आत्मसात करने की बात कही. किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बोधनराम नायक ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित जी बेहद सामान्य परिवार से निकले और अपने कर्मों से देश में एक अलग छवि बनाई.वे भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के समय जीवित नहीं रहे परंतु उनके विचारों से ही और भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा क़ायम है,कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री पुनीतराम सिन्हा,मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।जिसमें प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री तानसिंह माँझी,अजजा मोर्चा ज़िला महामंत्री चैनसिंग कश्यप,पिछड़ा वर्ग मोर्चा ज़िला महामंत्री जयराम साहू,डमरूधर यादव,चंद्रप्रकाश साहू,रामदास मानिकपुरी,धनीराम सिन्हा,नरसिंह यादव,गणेश नागेश,पदमन नागेश,गुनसागर यादव,रोहित नागेश,दीपक मिश्रा,लिकेश वैष्णव,उजलराम यादव,जुगेराम यादव,संतोष दौरा,विनोद यादव के साथ ही अन्य भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि के पर्व पर बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बांदकपुर धाम में ट्रेन स्टापेज को लेकर ज्ञापन सौंपा

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल एवं जिले की आस्था के प्रतीक भगवान जागेश्वर नाथ बांदकपुर तीर्थ धाम पर आगामी महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए प्रमुख ट्रेनों के स्थापित की मांग को लेकर जिला किसान कांग्रेस कमेटी द्वारा डीआरएम के नाम दमोह स्टेशन पहुंचकर स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पं मनु मिश्रा ने बताया की बांदकपुर का जागेश्वर नाथ का मंदिर संपूर्ण जिले के साथ-साथ देश की आस्था का केंद्र है जहां लाखों श्रद्धालु आते हैं उनके आवागमन को देखते हुए ट्रेनों का स्टॉपेज जल्द किया जाना चाहिए ताकि आस पास से आने वाले ग्रामीणों को किसी प्रकार कि असुविधा का सामना ना करना पडे। ज्ञापन देने वाले सदस्यों में जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष नितिन मिश्रा, धार्मिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पंडित उमा शंकर चौबे, जिला कार्यकारी अध्यक्ष



संजय चौरसिया ने मांग कि कोरोना काल में कई ट्रेनों का स्टॉपेज बंद किए जाने से श्रद्धालुओं को आवागमन में दिक्कत होती है अतः महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए 2 दिन पूर्व से 2 दिन बाद तक ट्रेनों के स्टॉपेज की घोषणा रेल प्रशासन को करना चाहिए।सेवादल अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर, एससी सेल के जिलाध्यक्ष अजय जाटव,पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मवीर राय ने मांग की जल्दी मांग पूरी हो अन्यथा बांदकपुर में बड़ा जन आंदोलन 15 फरवरी को किया जाएगा।ज्ञापन में विशेष रुप से इंटरसिटी,कामायनी,विंध्याचल, शिप्रा, दयोदय एक्सप्रेस, के स्टॉपेज की मांग की गई। इस दौरान ज्ञापन देने वालो में के के अग्रवाल,बलराम ठाकुर,पवन गुप्ता, समीम कुरैशी,पप्पू कुशवाहा,पुरुषोत्तम पटेल, नरेश विश्वकर्मा, मुकेश रोहित,खिल्लू ठाकुर, राजकुमार कुशवाहा,आशीष राजोरिया, नन्नू अठ्या,ए के चिश्ती,सरवर पठान, रवि रोहित, श्रुति भाई बीडीसी,अर्जुन यादव,शंकरलाल कटारे,पंडित दिनेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओ कि उपस्थिति रही।

## प्रथम पुण्य स्मरण

साकेत गमन
12.02.2022



### स्वर्गीय श्री सीताराम जोशी

**स्मृतिरत पुत्रगढ़-** दशरथ जोशी, शिवमोहन जोशी, सतीश जोशी, मनोज जोशी, आरके जोशी (अधिवक्ता) उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर
**स्मृतिरत नाती** -आशीष जोशी, हिमांशु जोशी, दीपक जोशी,अनिकेत जोशी, राजा जोशी, आदेश जोशी, प्रिंस जोशी।

**प्रतिष्ठान**

1.लाल बत्ती सरकार फाउंडेशन भिंड
2.एलबीएस एलबीएस इंडस्ट्रीज इटावा रोड भिंड
3.स्काईलाइन रिसोर्ट बदरवास जिला शिवपुरी
4. सतीश जोशी ट्रेडर्स इटावा उत्तर प्रदेश।
5. शिव ट्रेडर्स इटावा रोड भिंड

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478